दिनमान तापमान
सूर्योदय 4.52 सूर्यास्त 6.22 अधिकतम 36° न्यूनतम 28°

वर्ष 18, अंक 360 पृष्ठ 12
कोलकाता, गुरुवार, 18 जून 2026
ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष, चतुर्थी, वि.सं. 2083

मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com






## फलता थाने के बाहर प्रदर्शन करने वालों पर सीएम शुभेंदु अधिकारी सख्त

# देशद्रोह का केस दर्ज करने का दिया आदेश

**सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध ■ जनकल्याण शिविरों को एक दिन बढ़ाकर 18 जून तक बढ़ाने का ऐलान**






**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के फलता में तृणमूल के पूर्व विधायक जहांगीर खान की रिहाई की मांग को लेकर मंगलवार को स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन किया था, जिसकी वजह से माहौल गर्म हो गया. घटना के 24 घंटे के अंदर ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को कड़ी चेतावनी दी और उनके खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज करने का आदेश दिया.

तृणमूल नेता जहांगीर खान पर जबरन वसूली समेत कई आरोप लगे थे. हाल ही में जहांगीर खान को गिरफ्तार किया गया था, जब वह कथित तौर पर नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे. वह अभी पुलिस कस्टडी में हैं, और फाल्टा थाने में उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में रखा गया है. पुलिस उन्हें पहले ही तीन दिनों तक सड़कों पर घुमा चुकी है. इस दौरान खान को कान पकड़कर और हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए देखा गया.

इस बीच, मंगलवार को फलता पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया. कहा जाता है कि इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जहांगीर खान की पत्नी ने किया था. हालात बिगड़ने के बाद पुलिस और केंद्रीय बलों को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा.

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी बुधवार को फलता पहुंचे और फतेहपुर फुटबॉल ग्राउंड में जनकल्याण शिविर में शामिल हुए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए. यह सरकार किसी को नहीं छोड़ेगी. फलता में भी कानून का राज कायम हो गया है. यहां गुंडागर्दी, जबरन वसूली, जमीन पर कब्जा या वोट में धांधली किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने आगे कहा, माफिया कितना भी ताकतवर क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा. बीजेपी सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है.

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार की घटना की जांच के बारे में पुलिस और प्रशासन को खास निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा, फलता पुलिस स्टेशन पर हमले और उसके बाद हुई अशांति के संबंध में, सीसीटीवी फुटेज की जांच होनी चाहिए, और हर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ देशद्रोह कानून के तहत केस दर्ज किया जाना चाहिए. उन्होंने घटना में शामिल लोगों की तुरंत गिरफ्तारी का भी आदेश दिया.अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने फलता को राज्य के मॉडल विधानसभा क्षेत्रों में से एक बनाने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और प्रशासनिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई. कार्यक्रम में दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट, फलता के बीजेपी विधायक देबांग्शु पांडा, जिले के दूसरे अन्य विधायक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. मंच से मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि फलता ब्लॉक प्राइमरी हेल्थ सेंटर को 100 बेड वाले अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा. स्थानीय लोग लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग कर रहे थे; इस मांग को मानते हुए, उन्होंने तुरंत कदम उठाने का आदेश दिया. प्रशासन को उम्मीद है कि इससे स्थानीय पेज 9 पर जारी

### बागबाजार के ऐतिहासिक मां के घाट पर स्वच्छता अभियान

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी हुए शामिल

**कोलकाता:** कोलकाता के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व वाले बागबाजार स्थित मां के घाट पर बुधवार सुबह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी स्वच्छता अभियान में शामिल हुए. उनके साथ राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पाल, उद्योग मंत्री तापस राय तथा सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती भी मौजूद रहीं. इस दौरान अग्निमित्रा पाल और पूर्णिमा चक्रवर्ती ने स्वयं झाड़ू लगाकर घाट की सफाई में हिस्सा लिया.राज्य सरकार गंगा घाटों की स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चला रही है और इसी क्रम में बागबाजार के मां के घाट पर व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री ने घाट की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए. बागबाजार का मां का घाट पश्चिम बंगाल के सबसे प्रसिद्ध और श्रद्धालुओं से जुड़े घाटों में गिना जाता है. आध्यात्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है. माना जाता है कि मां शारदा देवी, स्वामी रामकृष्ण परमहंस के ब्रह्मलीन होने के बाद लगभग 12 वर्षों तक बागबाजार में रहीं और इसी गंगा घाट पर स्नान किया करती थीं. इस ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्त पहुंचते हैं.

### मोदी शांत, संयमित और जबरदस्त हैं, मैं वैसा नहीं : ट्रंप

## भारतीय नाविकों की सुरक्षा बहुत जरूरी



### ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक में बोले पीएम मोदी

**एवियन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के दौरे पर जी7 के आउटरीच सेशन में शिरकत करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिले. 16 महीने बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फ्रांस के एवियन में द्विपक्षीय मुलाकात हुई. इस दौरान पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने भारतीय की सुरक्षा का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है. ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया की शांति में भारत का बड़ा रोल है.

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने भारतीय की सुरक्षा का मुद्दा उठाया. प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से कहा, हमने हमेशा माना है कि समुद्र में आवाजाही की आजादी पक्की होनी चाहिए और हमें इस बात पर जोर देना चाहिए. समुद्री व्यापार के क्षेत्र में दुनिया भर के समुद्रों में लाखों भारतीय नाविक काम करते हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि (ईरान के साथ) समझौते में नाविकों की सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी और उसे प्राथमिकता दी जाएगी. पीएम मोदी ने होर्मुज के बंद होने से आने वाले कठिनाइयों से भी ट्रंप को रूबरू कराया. पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज पर हमारी और आपकी चिंता एक है. होर्मुज का खुलना दुनिया के लिए जरूरी है. इसके खुलने से दुनिया को आसानी होगी.

ट्रंप ने कई मौकों पर पीएम मोदी की तारीफ की है. खासकर सत्ता में उनके लंबे कार्यकाल, बड़े फैसले लेने की क्षमता और मजबूत नेतृत्व के लिए. इस महीने की शुरुआत में, उन्होंने मोदी को सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने पर बधाई भी दी थी. ट्रंप अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मोदी के साथ अपने अच्छे संबंधों का जिक्र करते हैं. पेज 9 पर जारी

## आरएसएस ने रांची कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले का आरोप लगाया, एसआईटी गठित

**रांची:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को आरोप लगाया कि रांची स्थित उसके कार्यालय पर मंगलवार देर रात पेट्रोल बम फेंके गए जिसके बाद पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है. आरएसएस के पदाधिकारियों के अनुसार, घटना चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित संगठन के कार्यालय में रात करीब साढ़े 12 बजे हुई. रांची में आरएसएस के मीडिया समन्वय प्रमुख स्निग्ध रंजन ने आरोप लगाया




कि परिसर में पेट्रोल बम फेंके गए. हालांकि, पुलिस ने कहा कि इस्तेमाल की गई वस्तुओं के बारे में सटीक जानकारी विस्तृत जांच के बाद ही पता चल सकेगी.

रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने कहा, घटनास्थल से कांच की दो बोतलों के टुकड़े बरामद हुए हैं. बोतलों में मौजूद पदार्थ का पता लगाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है. यह पूछे जाने पर कि क्या बोतलों में पेट्रोल था, उन्होंने कहा कि फोरेंसिक जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी. उन्होंने कहा, घटना में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं. केंद्रीय मंत्री संजय सेठ पेज 9 पर जारी

## शिवसेना (उबाठा) के बागी नेताओं ने की बिरला से मुलाकात, छह सांसदों के समर्थन का दावा

**नई दिल्ली:** शिवसेना (उबाठा) के बागी नेताओं के एक समूह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और दावा किया कि उन्हें लोकसभा में पार्टी के नौ में से छह सांसदों का समर्थन प्राप्त है. सूत्रों ने यह जानकारी दी. बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में दोनों पक्षों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई वहीं, उद्धव ठाकरे के करीबी और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि पार्टी को किसी भी सांसद की ओर से सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल होने की कोई सूचना नहीं मिली है. शिवसेना (उबाठा) ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर गुरुवार को संसदीय दल की बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा है. इससे पहले, पार्टी के लोकसभा सदस्य अरविंद सावंत एवं अनिल देसाई और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की. मुलाकात के बाद राउत ने संवाददाताओं से कहा, गुरुवार की बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी. उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को व्यक्तिगत रूप से बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है.बीते रविवार को ठाकरे द्वारा मुंबई में बुलाई गई बैठक में शिवसेना (यूबीटी) के पांच सांसद ऑनलाइन पेज 9 पर जारी

### फिर सड़क पर उतरीं ममता बनर्जी

## फेरीवालों को उनका हक दिलाने के लिए निकाला मार्च

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज एक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं. उन्होंने एस्प्लेनेड के वाई-चैनल पर वह प्रदर्शन में शामिल हुईं. टीएमसी का आरोप है कि राज्य में फेरीवालों को विस्थापन और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है. जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है. पार्टी ने भाजापा पर आरोप लगाया है कि वह सड़क किनारे सामान बेचने वाले लोगों को निशाना बना रही है. इसके साथ ही उनकी रोजमर्रा की कमाई में बाधा उत्पन्न कर रही है.



दरअसल, एक अभियान के तहत हावड़ा स्टेशन के क्षेत्र से लगभग 150 स्टॉल और सड़क किनारे की दुकानें और करीब 200 फेरीवालों को हटाया गया. इसमें खाद्य पदार्थ, फल, खिलौने और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं बेचने वाले विक्रेता शामिल थे. पेज 9 पर जारी

## लोकसभा स्पीकर ने अभिषेक को मिलने के लिए बुलाया

**नयी दिल्ली:** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए बुलाया है. सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी को 19 जून को मिलने के लिए कहा है. इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य पार्टी में हुई फूट के मामले पर चर्चा करना है. स्पीकर चाहते हैं कि अभिषेक बनर्जी इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखें और स्थिति स्पष्ट करें. अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं. इससे पहले तृणमूल के असंतुष्ट धड़े ने 2023 में अस्तित्व में आई पूर्वोत्तर की राजनीतिक पार्टी- नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई में विलय का एलान किया था. ये पार्टी त्रिपुरा का एक पंजीकृत गैर-मान्याप्राप्त दल है.

### भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य में कई अहम गिरफ्तारियां

## उदयन गुहा गिरफ्तार, 3 धाराओं में केस दर्ज

**नगर निगम के पूर्व पार्षद सुशांत घोष पुरी से गिरफ्तार** › **दिनहाटा के पूर्व विधायक व उत्तर बंगाल विकास मंत्री थे गुहा** › **गिरफ्तारी के बाद कूचबिहार में लोगों एक-दूसरे को लगाया अबीर** › **घोष पर करोड़ों की उगाही और अवैध संपत्ति का मामला दर्ज**

**कोलकाता:** कूचबिहार के दबंग नेता, दिनहाटा के पूर्व विधायक व उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा को धोखाधड़ी के आरोप में फूलबागान स्थित उनके घर से घर से गिरफ्तार कर लिया गया. उदयन के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात, आपराधिक षड़यंत्र की तीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है. कूचबिहार पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर कूचबिहार ले जाते समय कृष्णनगर में खाना खिलाया. उनके साथ आए पुलिसवालों ने भी वहीं लंच किया. उदयन गुहा को कोलकाता से सड़क के रास्ते कूचबिहार ले जाया गया.इस बीच, पूर्व कोलकाता नगर निगम पार्षद और टीएमसी नेता सुशांत घोष को करोड़ों की उगाही और अवैध संपत्ति के आरोप में ओडिशा के पुरी से



गिरफ्तार किया गया.गुहा को फूलबागान में उनके घर से अरेस्ट किया. पहले उन्हें फूलबागान पुलिस स्टेशन लाया गया. वहां से गुहा को कांकुड़गाछी और बेलेघाटा समेत कई जगहों पर ले जाया गया. फिर जांच के सिलसिले में बांगुड़ के एक घर में भी उन्हें जाया गया.

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गुहा पर आवास योजना के तहत घर देने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप है. उन पर वॉलंटरी ऑर्गनाइजेशन 'शिशु मंगल' समिति के नाम पर पैसे वसूलने, पीएम आवास के लाभार्थियों से पैसे वसूलने के आरोप हैं. पेज 9 पर जारी

### सब्यसाची के बैंक लॉकर से 3.5 किलो सोना व 5 खातों में 3.70 करोड़ मिले

**कोलकाता:** बिधाननगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन सब्यसाची दत्ता 8 दिन की पुलिस कस्टडी में हैं. सब्यसाची केस में अभिषेक बनर्जी का नाम भी आया है. दत्त के पास से कैश और सोने समेत करोड़ों रुपये की संपत्ति बरामद हुई है. बिधाननगर नॉर्थ पुलिस स्टेशन उनके ठिकानों की मैराथन तलाशी ले रहा है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उनके कई पतों पर रेड मारकर कई प्रॉपर्टीज़ मिली हैं. 5 बैंक अकाउंट्स व जॉइंट अकाउंट का भी पता चला है. उनके पास फिक्स्ड डिपॉजिट और कैश मिलाकर पेज 9 पर जारी

## जीटीए चीफ अनित थापा ने इस्तीफा दिया

### एक दिन पहले सीएम शुभेंदु ने किया था कुर्सियांग का दौरा

**दार्जिलिंग:** पश्चिम बंगाल में हाल में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पहाड़ी राजनीति में बड़ा मोड़ आ गया है. यहां अनित थापा ने गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के चीफ एग्जीक्यूटिव पद से इस्तीफा दे दिया है. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कुर्सियांग दौरे के ठीक एक दिन बाद अनित थापा के अचानक इस्तीफे से पहाड़ी इलाकों के राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है. बुधवार को उनके फैसले की खबर आते ही, पहाड़ी इलाकों में जीटीए के भविष्य को लेकर हर तरफ अटकलें लगने लगीं.अनित थापा के इस्तीफे के पीछे पहाड़ी इलाकों में बढ़ता राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक मुश्किलें और गंभीर वित्तीय संकट है. कहा जा रहा है कि, यहां पिछले कुछ दिनों से हालात बिगड़ रहे थे.



हाल ही में, जीटीए के प्रवक्ता शक्तिप्रसाद शर्मा ने भी निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था.

मंगलवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कुर्सियांग दौरे के बाद तनाव और बढ़ गया. इस दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री ने अलग-अलग जीटीए परियोजनाओं, खासकर टीचर भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों पर बहुत कड़ा रुख अपनाया. इसको लेकर उच्चस्तरीय जांच के संकेत दिए गए हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में हुए राजनीतिक बदलाव का असर पहाड़ों के प्रशासनिक ढांचे पर भी बहुत ज्यादा पड़ा है. अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए एक भावनात्मक संदेश में, अनित थापा ने सीधे लोगों को संबोधित किया. उन्होंने कहा, एक नई सरकार बनी है, और लोगों ने इसे बदलाव की चाहत से चुना है. मैं उस जनता के आदेश का सम्मान करता हूं. हालांकि, जब काम करने का माहौल विषाक्त हो जाता है और किसी पर लगातार राजनीतिक बदले की कार्रवाई होती है, तो लोगों के लिए काम करना लगभग नामुमकिन हो जाता है.वित्तीय संकट पर रोशनी डालते हुए, अनित ने कहा, हमने लोगों की भलाई के लिए कई प्लान बनाए थे, लेकिन अब जीटीए ट्रेजरी में जरूरी फंड की भारी कमी हो गई है. विकास कार्यों के लिए फंड काफी नहीं हैं, और परियोजना रुके हुए हैं. मुझसे ऐसी खराब हालत में अपनी ड्यूटी निभाने के लिए कहा जा रहा है, जहां वित्तीय मदद या सरकारी अनुदान के सभी रास्ते बंद हो गए हैं. पेज 9 पर जारी

## न्यूज कॉर्नर

### उत्तर सीमांत रेलवे पर एनआई कार्य के लिए ट्रेनों का रेगुलेशन

**कोलकाता** : 16 जून से 19 जून तक नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे पर कटिहार डिवीजन के कटिहार और सोनैली और कटिहार और कुरेठा सेक्शन के बीच डबल लाइन चालू करने के सिलसिले में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग काम के कारण, नीचे दी गई ट्रेनों को इस तरह रेगुलेट किया जाएगा:- 13033 हावड़ा - कटिहार एक्सप्रेस (यात्रा 17 जून और 18 जून को शुरू होगी) लाभा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी. इसी तरह, 13160 जोगबनी - कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा 18 जून और 19 जून को शुरू होगी) लाभा स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी. 13169 सियालदह - सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस (यात्रा 18 जून को शुरू) और 13170 सहरसा - सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस (यात्रा 19 जून को शुरू) को पूर्णिया, बनमनखी, मुरलीगंज और दौरन मधेपुरा स्टेशनों पर ठहराव को छोड़कर कटिहार-नौगछिया-सहरसा के रास्ते चलाया जाएगा.

### कफ सिरप तस्करी मामले में तृणमूल नेता मारूफ़फ शेख का नाम आया सामने

**मालदा/इंग्लिश बाजार :** सीमा पार कफ सिरप की तस्करी के मामले में अब सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक कद्दावर नेता का नाम सामने आया है. आरोपी मारूफ़फ शेख इंग्लिश बाजार पंचायत समिति के सह-सभापति हैं. खुफिया सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के आधार पर सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को बांग्लादेश जा रहे पत्थरों से लदे एक ट्रक को रोका था, जिसके बाद इस बड़ी तस्करी का भंडाफोड़ हुआ.पत्थरों के नीचे छिपाई गई थी करोड़ों की खेपयह ट्रक महदीपुर सीमा (सीमा चौकी) के रास्ते पत्थरों की खेप लेकर बांग्लादेश जाने वाला था. सीमा पर मुस्तैद बीएसएफ और कस्टम्स (सीमा शुल्क विभाग) के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से गाड़ी को रोककर उसकी सघन तलाशी ली. इस तलाशी के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया.बरामदगी: कुल 22 हजार 800 बोतल कफ सिरप.बाजार मूल्य: अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये आंकी गई है.गिरफ्तारी: इस मामले में बीएसएफ ने ट्रक चालक अकरमुल शेख को हिरासत में ले लिया है और कफ सिरप को कस्टम्स विभाग ने जब्त कर लिया है.टीएमसी नेता और क्लियरिंग एजेंट मारूफ़फ शेख पर गंभीर आरोपइस पूरे मामले के तार महदीपुर सीमा पर क्लियरिंग एजेंट के रूप में काम करने वाले मारूफ़फ शेख से जुड़े हैं, जो वर्तमान में इंग्लिश बाजार पंचायत समिति के सह-सभापति और तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं.स्थानीय निर्यातकों (एर्गीशी) ने मारूफ़फ शेख के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं:'मारूफ़फ शेख लंबे समय से सीमा पर इस तरह के अवैध धंधों और तस्करी में लिप्त हैं. उनकी इन गैर-कानूनी गतिविधियों के कारण वैध रूप से व्यापार करने वाले निर्यातकों को सीमा पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. राज्य में तृणमूल की सरकार होने के कारण पहले कोई भी उनके खिलाफ मुंह खोलने की हिम्मत नहीं करता था.'सख्त सजा की मांग: इस मामले के उजागर होने के बाद अब स्थानीय व्यवसायी और निर्यातक एकजुट होकर आरोपी तृणमूल नेता मारूफ़फ शेख के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई और सजा की मांग कर रहे हैं. इस घटना के बाद से इलाके में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है.

# बंगाल के बांकुड़ा में तृणमूल कांग्रेस को झटका, मेयर अलका सेन मजूमदार ने दिया इस्तीफा



**बांकुड़ा** : पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. राज्य में तृणमूल कांग्रेस को लगातार झटके लगने के बीच बांकुड़ा नगरनिगम की अलका सेन मजूमदार ने अचानक मेयर पद से इस्तीफा दे दिया. बुधवार को वह बांकुड़ा जिला एसडीओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया. इस घटना को लेकर जिले की राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं.इस्तीफे के बाद अलका सेन मजूमदार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया. उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों और संगठन के निर्णय का सम्मान करते हुए मेयर पद से इस्तीफा दिया है. साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी, वह उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगी.अलका सेन मजूमदार ने वर्ष 2022 में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में नगरनिगम बोर्ड के गठन के बाद मेयर का पद संभाला था. उनके कार्यकाल के दौरान बांकुड़ा नगरनिगम कई बार विवादों और राजनीतिक खींचतान के कारण चर्चा में रहा. नगरनिगम बोर्ड के भीतर मतभेद, पार्षदों की नाराजगी और प्रशासनिक फैसलों को लेकर उठे सवालों ने कई बार संगठन और प्रशासन के सामने चुनौतियां खड़ी कीं.राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे समय में मेयर का इस्तीफा कई सवाल खड़े करता है, जब राज्य में तृणमूल कांग्रेस को लगातार संगठनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि, अलका सेन मजूमदार ने अपने इस्तीफे को पूरी तरह व्यक्तिगत कारणों से जुड़ा बताया है, लेकिन विपक्षी दल इसे तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ते असंतोष से जोड़कर देख रहे हैं.फिलहाल, तृणमूल कांग्रेस की ओर से इस मामले पर कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं आई है. अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि पार्टी बांकुड़ा नगरनिगम के नए मेयर के रूप में किसे जिम्मेदारी सौंपती है और क्या यह इस्तीफा केवल व्यक्तिगत कारणों तक सीमित है या इसके पीछे कोई बड़ा राजनीतिक संदेश छिपा है.

### गांव में घुसा दंतैल हाथी की संदिग्ध हालात में मौत

**अलीपुरद्वार**:जलदापाड़ा वन क्षेत्र से सटे गांवों में एक दंतैल हाथी का गांव में बुधवार संदिग्ध हालात में मृत पाए जाने से इलाके में शोक की लहर है.मिली जानकारी के अनुसार, जलदापाड़ा पश्चिम रेंज के जंगल से पांच हाथियों का झुंड अलीपुरद्वार एक नंबर ब्लॉक के शालकुमार-दो ग्राम पंचायत अंतर्गत कलाबाड़िया गांव में घुस आया. इनमें से एक अलग हुआ दंतैल हाथी सुपारी बागान और खीरे के खेत में तांडव मचाता रहा. बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने खेत के पास ही उसका शव पड़ा देखा. सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अर्थमूवर की मदद से शव को जलदापाड़ा ले जाया गया. हाथी की मौत के कारण को लेकर अभी संशय बना हुआ है.

## मानसून के लिए पूरी तरह तैयार पूर्व रेलवे



**कोलकाता** : एक समय था जब मानसून का आगमन रेल यात्रियों के लिए गहरी चिंता का विषय बन जाता था. भारी वर्षा के कारण पटरियों पर जलजमाव, ट्रेनों का प्रभावित होना, नालियों के अवरुद्ध होने से सिग्नल फेल होना तथा यात्रा में लंबी देरी जैसी समस्याएं आम थीं. वर्षों तक बरसात का मौसम उन यात्रियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहा जो सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा की अपेक्षा रखते थे. व्यापक एवं सुनियोजित बुनियादी ढांचा उन्नयन के माध्यम से मानसून अब व्यवधान का नहीं, बल्कि सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध रेल यात्रा का प्रतीक बन रहा है. यह व्यापक परिवर्तन और चौतरफा तैयारी पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के गतिशील नेतृत्व में की गई है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता न हो. एक आक्रामक बहु-विभागीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पूर्व रेलवे ने इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं ऑपरेटिंग विभागों को मौसम जनित चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत रूप से कार्यरत किया है.

पटरियों पर जलजमाव की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रमुख यार्डों एवं रेलवे कॉलोनियों में व्यापक प्री-मानसून सफाई अभियान चलाया गया है. हावड़ा मंडल में ट्रैकसाइड एवं क्रॉस-ट्रैक ड्रेनों की कुल 1,06,839 मीटर लंबाई में से 1,04,097 मीटर की सफाई पूरी की जा चुकी है तथा शेष कार्य भी निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा. इसी प्रकार 16,761.8 मीटर लंबाई वाली कॉलोनी ड्रेनों में से 16,446.3 मीटर की सफाई पूरी हो चुकी है तथा शेष 315.5 मीटर कार्य 20 जून, 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा. वहीं सियालदह मंडल ने भी अपने यार्डों में व्यापक सफाई अभियान पूरा कर लिया है. दोनों मंडलों में संवेदनशील स्थलों पर ड्रेन आउटलेट की सफाई कर जल निकासी सुनिश्चित की गई है. इसके अतिरिक्त, उन स्थानों पर मजबूत कंक्रीट ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है जहां पूर्व में भारी वर्षा के दौरान ट्रैक सर्किट प्रभावित होते थे.

पूर्व रेलवे ने संरचनात्मक निरीक्षणों तथा उन्नत रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली के माध्यम से अपनी सुरक्षा निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया है. हावड़ा मंडल में 47 संवेदनशील बैड बैंक स्थलों की पहचान की गई है, जिनमें से 9 स्थलों पर पेट्रोलिंग प्रारंभ हो चुकी है, जबकि शेष 38 स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पेट्रोलिंग शुरू की जा सके. इसके साथ ही सियालदह मंडल ने सभी संवेदनशील स्थलों को कवर करने के लिए 24द्ध7 स्टेटिक पेट्रोलिंग एवं मानसून पेट्रोलिंग व्यवस्था सक्रिय कर दी है. स्थानीय जलस्तर की निगरानी के लिए हावड़ा मंडल में 10 नए लिमिटेड हाइट सबवे पर चौबीसों घंटे एक पेट्रोलमैन तैनात किया गया है. इसके अतिरिक्त, जलभराव-प्रवण क्षेत्रों में स्थित 54 लिमिटेड हाइट सबवे में 12 जून, 2026 से जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस से लैस पेट्रोलमैन द्वारा 24द्ध7 निगरानी सुनिश्चित की जाएगी. निर्माणाधीन 2 नए पुलों के स्थलों पर विशेष पेट्रोलिंग टीमों की भी तैनाती की गई है. इसी प्रकार, सियालदह मंडल ने संवेदनशील लिमिटेड हाइट सबवे एवं रोड अंडर ब्रिज पर पर्याप्त जल निकासी व्यवस्था तथा आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की है. स्टेशन अवसंरचना एवं सुरक्षा निरीक्षण भी तैयारी के अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं.

हावड़ा मंडल में 195 स्टेशनों एवं 1,493 प्लेटफॉर्म शेड यूनिट्स का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान चिन्हित 485 संरचनात्मक कमियों में से 338 को दूर किया जा चुका है तथा शेष 147 कमियों को 30 जून, 2026 तक पूरी तरह ठीक कर दिया जाएगा. दूसरी ओर, सियालदह मंडल ने मानसून से रेलवे अफेक्टिंग वर्क्स एवं रेलवे अफेक्टिंग टैंक्स का संबंधित राज्य एवं जिला प्रशासन के साथ संयुक्त निरीक्षण कर बाहरी जलभराव संबंधी जोखिमों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं.पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि, 'हमारी व्यापक प्री-मानसून तैयारियां यात्री सुरक्षा एवं परिचालन निरंतरता के प्रति पूर्व रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं.

## अविश्वास से पहले ही अध्यक्ष रीना एक्का ने दिया इस्तीफा



**सिलीगुड़ी :** फांसीदेवा पंचायत समिति की अध्यक्ष रीना एक्का ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. तीन जून को तृणमूल कांग्रेस के ही नौ सदस्यों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया था. 21 सदस्यीय समिति में 18 तृणमूल कांग्रेस, दो भाजपा और एक निर्दलीय सदस्य है. तलबी बैठक से ठीक पहले रीना एक्का ने सिलीगुड़ी के एसडीओ को बुधवार को इस्तीफा सौंप दिया.उन्होंने कहा कि उनके पास बहुमत था, लेकिन एक सदस्य के भावनात्मक दबाव और आत्महत्या की धमकी के बाद उन्होंने यह फैसला लिया.रीना एक्का ने कहा कि चार साल सभी को साथ लेकर काम किया, लेकिन अपने ही सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया. कुर्सी पर रहे बिना भी लोगों के लिए काम किया जा सकता है.

## झाड़-फूंक के नाम पर बेरहमी से पिटाई, व्यक्ति की मौत



**जलपाईगुड़ी :** जिले के राजगंज ब्लॉक के पानीकौड़ी ग्राम पंचायत के फटापुकुर संलग्न डांगापाड़ा इलाके में झाड़-फूंक के नाम पर बेरहमी से पिटाई करने के बाद एक व्यक्ति की मौत से बुधवार को स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. मृतक का नाम क्षितेन राय (55) है.परिवार के अनुसार, शुक्रवार को क्षितेन का तबीयत खराब होने पर उन्हें राजगंज ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया था. बाद में उन्हें उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर किया गया. वहां से सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में भी इलाज कराया गया, लेकिन कई जांचों के बावजूद कोई स्पष्ट बीमारी सामने नहीं आई, जिसके बाद उन्हें घर वापस ले आया गया. इसके बाद मंगलवार को झाड़-फूंक का सहारा लिया गया. बीमार क्षितेन को सुखानी के साहेबपाड़ा इलाके के एक ओझा के पास ले जाया गया.परिवार का आरोप है कि भूत-प्रेत का असर खत्म करने के नाम पर ओझा ने उनकी पत्नी के सामने ही क्षितेन को बेत से कई बार पीटा. पिटाई के बाद देर रात उनकी हालत तेजी से बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई. घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया. राजगंज थाने में दो कबीराजों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई. जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है.

### तृणमूल नेता के घर जेसीबी काम के दौरान विस्फोट

**पश्चिम मेदिनीपुर:** जिले के नारायणगढ़ क्षेत्र में बुधवार सुबह एक विस्फोट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. यह घटना ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष रायचौधुरी के घर पर हुई.स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नारायणगढ़ के केयाझुरी इलाके में स्थित घर पर सुबह जेसीबी मशीन से काम चल रहा था. इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ विस्फोट हुआ. धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई.विस्फोट किसी बम, अन्य विस्फोटक सामग्री या किसी ज्वलनशील पदार्थ की वजह से हुआ. घटना की सूचना पाकर बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.पुलिस ने घटनास्थल से कुछ नमूने एकत्र किए हैं. जरूरत पड़ने पर बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है. फिलहाल पुलिस विस्फोट के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है.

## कलयुगी बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर की मां की हत्या, धड़ से सिर अलग कर तालाब में फेंका




**कोलाघाट (पूर्व मेदिनीपुर)** :पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट थाना अंतर्गत काउरचंडी गांव में तड़के सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी सगे मां की बेरहमी से हत्या कर दी. यह वारदात आज भोर में लगभग चार बजे घटित हुई. आरोपी बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर अपनी 65 वर्षीय मां की जान ले ली. इस खौफनाक घटना के बाद से पूरे इलाके में भारी सनसनी और तनाव का माहौल है.सिर काटकर बोरे में भरा और तालाब में फेंकामृतका की पहचान भारती चक्रवर्ती (65) के रूप में हुई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी बेटे वासुदेव चक्रवर्ती ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए और उनके सिर को धड़ से पूरी तरह अलग कर दिया. क्रूरता की हदें पार करते हुए आरोपी ने कटे हुए सिर को एक बोरे में भरा और घर के पास ही स्थित एक तालाब में फेंक दिया.आरोपी बेटा गिरफ्तार, कमरा किया गया सीलघटना की खबर फैलते ही गांव में भारी उत्तेजना फैल गई. सूचना मिलते ही कोलाघाट थाने की विशाल पुलिस वाहिनी तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे बेटे वासुदेव चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तालाब से मां का कटा हुआ सिर भी बरामद कर लिया है. पुलिस पूछताछ में आरोपी वासुदेव ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है कि उसी ने अपनी मां को कुल्हाड़ी से काटा था.आरोपी के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का दावाइलाके के निवासियों और परिवार के अन्य सदस्यों का कहना है कि आरोपी वासुदेव चक्रवर्ती मानसिक रूप से पूरी तरह अस्वस्थ (संतुलन खो चुका) है.प्रशासनिक कार्रवाई: कोलाघाट थाना पुलिस ने शव और कटे हुए सिर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जांच और फॉरेंसिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस ने घर के उस कमरे को पूरी तरह सील कर दिया है, जहां इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था.दूसरी ओर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के मानसिक रूप से बीमार होने के दावों के बीच, उसे कड़ी से कड़ी सजा यानी फांसी की सजा देने की मांग की है. पुलिस मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है.

### ब्राह्मण परिवार की पुश्तैनी जमीन पर मुस्लिम परिवार के बसने का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

**शांतिपुर :**शांतिपुर के ऐतिहासिक और बेहद प्राचीन रास उत्सव की स्मृतियों से जुड़े बांसबुनियां गोस्वामी बाड़ी के प्रवेश मार्ग की जमीन की बिक्री को लेकर इलाके में भारी तनाव फैल गया है. शांतिपुर पब्लिक लाइब्रेरी के ठीक पीछे, विश्व प्रसिद्ध शांतिपुर के 'भांगा रास' के मुख्य केंद्रों में से एक, श्री श्री श्यामसुंदर गोस्वामी जीउ बाड़ी के प्रवेश मार्ग पर स्थित एक ब्राह्मण परिवार की हिस्सेदारी (शरीकी) की जमीन को कथित तौर पर गुप्त रूप से एक मुस्लिम परिवार को बेचने का आरोप लगा है. इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके के सनातन हिंदू निवासी एकजुट हो गए हैं और उन्होंने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया है.परिवार के ही एक हिस्से पर गुप्त रूप से जमीन बेचने का आरोपस्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त ब्राह्मण परिवार के सदस्य अंजन मुखर्जी की पत्नी सुस्मिता मुखर्जी ने आरोप लगाया है कि उनके जेठ अतनु मुखर्जी कई साल पहले मुर्शिदाबाद चले गए थे. संभवतः वहीं से, परिवार के बाकी सदस्यों को पूरी तरह से अंधेरे में रखकर, उन्होंने गुप्त रूप से यह जमीन एक मुस्लिम परिवार को बेच दी. हाल ही में कुछ दिनों पहले यह मामला उनके संज्ञान में आया.परिवार की एक अन्य सदस्या अंकिता मुखर्जी ने बताया:'आज सुबह जब उस जमीन की सफाई करने कुछ लोग आए, तब स्थानीय निवासियों ने उन्हें रोक दिया. जमीन की बिक्री के समय जिन गवाहों (साक्षियों) की आवश्यकता होती है, वे लोग कहाँ से आए या किसने हस्ताक्षर किए, इस बारे में हमारे परिवार का कोई भी सदस्य कुछ नहीं जानता. इलाके के लोग भी इस मामले से पूरी तरह अनजान थे.'आक्रोशित स्थानीय निवासी और परंपरा की रक्षा की मांगएक तरफ प्रसिद्ध कवि करुणानिधान बंद्योपाध्याय का घर और दूसरी तरफ शांतिपुर की पारंपरिक गोस्वामी बाड़ीइन दोनों के बीच स्थित इस सनातन हिंदू बहुल इलाके में जमीन की बिक्री की इस घटना से स्थानीय लोगों का दावा है कि इससे सांप्रदायिक सौहार्द और धार्मिक रीति-रिवाजों को ठेस पहुंच रही है.स्थानीय निवासी सोमनाथ दास ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, 'ऐसे एक प्राचीन सनातनी हिंदू इलाके में केवल अधिक पैसों के लालच में आकर ब्राह्मण परिवार के एक सदस्य ने गुप्त रूप से दूसरे धर्म के एक परिवार को जमीन बेच दी है.संगठन के प्रभारी पदाधिकारी प्रणब गोस्वामी ने इस घटना को 'भूमि जिहाद' करार देते हुए कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा:'यह पूरी तरह से एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है.

लेकिन जिस तरह से इलाके के लोग एकजुट हुए हैं, हम इस प्रयास को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे.

इस इलाके के हिंदुओं के लिए यह एक अलग गर्व और आस्था का स्थान है. दूर-दराज से लोग यहां की पवित्र मिट्टी

## नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख की ठगी का आरोप, पूर्व मंत्री मानस भुइयां समेत तीन के खिलाफ शिकायत




**पश्चिम मेदिनीपुर** : जिले के सबंग क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. इस मामले में पूर्व मंत्री मानस रंजन भुइयां और तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के खिलाफ सबंग थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है.शिकायतकर्ता विकास कुमार टुंग, सबंग विधानसभा क्षेत्र के विष्णुपुर ग्राम पंचायत के निवासी हैं. बुधवार को उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले उनकी पत्नी मंजु साहू टुंग को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया था. इसके बदले पूर्व मंत्री मानस रंजन भुइयां की मध्यस्थता में तृणमूल नेता शेख अबु कलाम बॉक्स और भोलानाथ डे के जरिए पांच लाख रुपये लिए गए.आरोप के अनुसार, एक मार्च 2026 को मंजू साहू टुंग को सीआईएसबी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में स्टुअर्ड पद पर तेमाथानी इरिगेशन बंगले में नियुक्त किया गया. परिवार का कहना है कि उन्होंने नियमित रूप से काम किया, लेकिन दो महीने बाद छह मई को अचानक व्हाट्सऐप के जरिए नौकरी समाप्त किए जाने की सूचना दी गई.परिजनों के मुताबिक, मार्च महीने का वेतन 10 हजार 747 रुपये बैंक खाते में जमा हुआ था, लेकिन अचानक नौकरी चले जाने के बाद परिवार मानसिक और सामाजिक संकट में आ गया. शिकायतकर्ता ने कहा कि उनकी पत्नी इस घटना के बाद गहरे अवसाद में हैं.पूरे मामले की जांच की मांग को लेकर सबंग थाने में शिकायत दी गई है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. हालांकि आरोपों पर पूर्व मंत्री मानस रंजन भुइयां और अन्य आरोपित नेताओं की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. मामले में लगाए गए सभी आरोप जांच के अधीन हैं.

## पूर्व रेलवे 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रव्यापी उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार




**कोलकाता :** योग केवल भारत की एक प्राचीन परंपरा नहीं है, बल्कि यह भारत की ओर से पूरे विश्व को दिया गया एक अमूल्य और कालजयी उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को पूर्ण सामंजस्य में जोड़ता है. जैसे-जैसे 21 जून के लिए उल्टी गिनती शुरू हो रही है पूरा देश 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव की तैयारियों में जुट गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन में, जो इस राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ अवसर पर स्वयं सहभागिता करेंगे, योग वास्तव में स्वास्थ्य और समग्र कल्याण का एक वैश्विक प्रतीक बन गया है. आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय नेतृत्व में इस वर्ष के सामूहिक योग सत्र कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के समन्वित दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे, जो देशभर के करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य एवं कल्याण की एक साझा भावना में जोड़ेंगे. इसी राष्ट्रीय भावना के अनुरूप, पूर्व रेलवे इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अभूतपूर्व एवं अत्यंत भव्य स्तर पर पूरे जोन में मनाने जा रहा है. मुख्य केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन पूर्व रेलवे मुख्यालय में किया जाएगा, जिसमें पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करेंगे. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्व रेलवे के चारों प्रमुख मंडलोंड्डसियालदह, हावड़ा, मालदा एवं आसनसोलड्डतथा लिलुआ, कांचरापाड़ा एवं जमालपुर स्थित तीनों प्रमुख कारखानों में भी एक साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. संबंधित मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पूरे उत्साह के साथ अग्रणी भूमिका निभाते हुए आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु संस्थागत स्तर पर सभी आवश्यक प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं.इस आयोजन का दायरा अत्यंत व्यापक है, जिसमें पूर्व रेलवे के 3,000 से अधिक कर्मचारी उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेंगे. इसके अतिरिक्त, पूरे जोन के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष योग प्रदर्शन भी आयोजित किए जाएंगे. योगाभ्यास की शुद्धता, सटीकता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए इन सार्वजनिक प्रदर्शनों का संचालन योग प्रमाणन बोर्ड (वाईसीबी) के प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा. इससे यात्रियों एवं रेलकर्मियों दोनों को इस जीवन-परिवर्तनकारी अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी.पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, 'योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं तक की सर्वोच्च यात्रा है. पूर्व रेलवे को गर्व है कि वह अपने पूरे क्षेत्र में इस भव्य आयोजन का आयोजन कर रहा है, जिससे हमारे रेल परिवार एवं सम्मानित यात्रियों के बीच स्वास्थ्य, सजगता तथा समर्पित सेवा की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके.'

### जीटीए में अनित थापा के बाद डिप्टी चीफ और पंचायत अध्यक्ष ने भी छोड़ा पद




**दार्जीलिंग :** गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) में इस्तीफों का सिलसिला जारी है. बुधवार को अनित थापा के चेयरमैन पद से इस्तीफे के बाद अब डिप्टी चेयरमैन सांचबीर सुब्बा ने भी अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है.वहीं, दूसरी ओर कर्सियांग पंचायत समिति की अध्यक्ष अनु छेत्री ने भी पद छोड़ दिया है. अपने इस्तीफे को लेकर अनु छेत्री ने कहा कि राज्य की नई सरकार पर पहाड़ के लोगों का भरोसा है और सभी को उम्मीद है कि डबल इंजन सरकार के जरिए पहाड़ की समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा.उन्होंने कहा कि वह भी स्थायी समाधान चाहती है, इसलिए उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया. इससे पहले अनित थापा ने भी इस्तीफे की वजह बताते हुए कहा था कि जीटीए के रहते हुए पहाड़ की समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं हो पा रहा था. उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में पहाड़ के लोगों ने जिस तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समर्थन दिया, उससे साफ है कि लोग स्थायी और राजनीतिक समाधान चाहते है.अनित थापा ने संकेत दिया कि पहाड़ की लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक समस्याएं ही इस फैसले के पीछे मुख्य कारण हैं और जीटीए से बाहर आकर वह स्थायी समाधान की दिशा में रास्ता बनाना चाहते है.

# बंगाल में 10 लाख की इनामी माओवादी नेता ने किया आत्मसमर्पण, सरकार पर जताया भरोसा

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ज़िला स्थित बेलपहाड़ी में माओवादी आंदोलन से लंबे समय से जुड़ी नेता पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा ने बुधवार को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया. वर्ष 2001 से माओवादी गतिविधियों से जुड़ी रहीं पुष्पा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में उन्हें नहीं लगता कि आंदोलन आगे अधिक दूर तक बढ़ पाएगा, इसलिए उन्होंने सरकार की पुनर्वास संबंधी नीतियों और आश्वासनों पर भरोसा जताते हुए यह कदम उठाया है. वह पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की सदस्य थी और झारखंड-ओडिशा-बिहार सीमाओं के पार सारंडा वन क्षेत्र से संचालित होती थी.उस पर 10 लाख का इनाम था. पुलिस ने आत्मसमर्पण के दौरान एक एसएलआर राइफल, एक मैगज़ीन और 37 राउंड गोला-बारूद बरामद किया.



बुधवार को लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण के बाद दलमा दस्ते की जोनल कमेटी की सदस्य पुष्पा ने पुलिस आयुक्त अजय नंद की उपस्थिति में अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवास उपलब्ध कराने और परिवार के साथ रहने की व्यवस्था किए जाने के आश्वासन ने उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया. उनका कहना था कि वर्तमान में जिस प्रकार का आंदोलन चल रहा है, उसके अधिक आगे बढ़ने की संभावना उन्हें नहीं दिखाई देती. पुष्पा का आत्मसमर्पण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है. पिछले महीने झारखंड क्षेत्र की वरिष्ठ माओवादी श्रद्धा विश्वास उर्फ बेला को कोलकाता पुलिस ने उत्तर काशीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया था. नदिया जिले के चाकदह निवासी बेला झारखंड क्षेत्रीय समिति की सदस्य थीं और लंबे समय से झारखंड में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं. इसके अलावा हुगली जिले के जंगीपाड़ा निवासी माधाई पात्र भी पहले आत्मसमर्पण कर चुके हैं. अब पुष्पा के मुख्यधारा में लौटने के साथ आत्मसमर्पण करने वाले पूर्व माओवादी नेताओं की सूची में एक और नाम जुड़ गया है. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि लगातार चल रहे आत्मसमर्पण और गिरफ्तारी अभियान से माओवादी संगठन की गतिविधियों पर प्रभाव पड़ रहा है तथा कई सदस्य हिंसा का रास्ता छोड़कर सामान्य जीवन की ओर लौटने में रुचि दिखा रहे हैं.

# जनप्रतिनिधियों पर अंडे फेंकने का मामला पहुंचा कलकत्ता हाई कोर्ट, न्यायिक जांच की मांग

**कोलकाताः** बंगाल में जनप्रतिनिधियों पर अंडे फेंकने की लगातार हो रही घटनाओं का मामला अब कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंच गया है. अधिवक्ता अतिंद्र चौधरी ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर कर विधायक कुणाल घोष को पक्षकार बनाया है. याचिका में इन घटनाओं की न्यायिक जांच कराने और सार्वजनिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हाई कोर्ट के हस्तक्षेप की मांग की गई है. मामले पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की संभावना है. याचिकाकर्ता का कहना है कि हाल के दिनों में सार्वजनिक स्थानों और राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान जनप्रतिनिधियों पर लगातार अंडे फेंकने और उनके साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं. यह लोकतांत्रिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था, दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है. इसलिए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए. याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक नेताओं पर इस तरह के हमलों की बढ़ती प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है. साथ ही अदालत से अनुरोध किया गया है कि राज्य प्रशासन को ऐसे कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए. गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई राजनीतिक नेताओं पर सार्वजनिक विरोध के दौरान अंडे फेंके जाने की घटनाएं सामने आई हैं.



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और विधायक कुणाल घोष तक ऐसे विरोध का सामना कर चुके हैं. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है. आवास के आंगन में नीले रंग की फेंसिंग लगाई गई है, ताकि बाहर से कोई व्यक्ति अंडा या अन्य वस्तु अंदर न फेंक सके. यह कदम सोमवार को तृणमूल विधायक कुणाल घोष पर ममता बनर्जी के आवास के बाहर अंडा फेंके जाने की घटना के बाद उठाया गया. हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अंडे फेंकने की कई घटनाएं सामने आई हैं. उल्लेखनीय है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद आवास के बाहर लगी कई बैरिकेडिंग हटा दी गई थी और हरिश चटर्जी स्ट्रीट पर आम लोगों की आवाजाही पर पहले जैसी पाबंदियां भी नहीं रहीं. अब लगातार हो रही विरोध की घटनाओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था को फिर से मजबूत किया जा रहा है.

# चुनाव बाद हिंसा मामले में तृणमूल नेता शाहानुर मंडल गिरफ्तार



**कोलकाताः** उत्तर 24 परगना जिले में बुधवार को बड़ी राजनीतिक कार्रवाई देखने को मिली. उत्तर 24 परगना जिला परिषद के खाद्य कर्माध्यक्ष और बसिरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस नेता शाहानुर मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी की खबर फैलते ही इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई. भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस गिरफ्तारी का स्वागत करते हुए कई जगहों पर मिठाई बांटी और लड्डू वितरण किया. राज्य पुलिस के 'स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप' (एसओजी) ने उन्हें शंखचूड़ा बाजार इलाके से पकड़ा और बाद में उन्हें महकमा अदालत में पेश किया गया. शाहानुर मंडल पर 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा, अवैध जमीन कब्जा करने और आगामी चुनाव से पहले विरोधियों को धमकाने व प्रचार में बाधा डालने जैसे आरोप लगे हैं. इन्हीं आरोपों के आधार पर कार्रवाई की गई है. इसी दिन उत्तर बंगाल विकास विभाग के पूर्व मंत्री उदयन गुहा की भी गिरफ्तारी हुई. उन पर भी चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामलों में आरोप हैं. हालांकि उन्होंने दावा किया है कि जिस मामले में उन्हें पकड़ा गया है, उसमें उन्हें पहले से अग्रिम जमानत मिली हुई थी और पुलिस ने उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार किया है. दोनों गिरफ्तारियों के बाद राज्य की राजनीति में तनाव और बयानबाजी तेज हो गई है.

# पश्चिम बंगाल के आरजी कर मामले में सीबीआई की नई जांच, पानीहाटी श्मशान पहुंची केंद्रीय टीम

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बहुचर्चित मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच का दायरा और बढ़ा दिया है. बुधवार को सीबीआई की एक विशेष टीम उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी श्मशान पहुंची और घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की. सूत्रों के अनुसार, पीड़िता के परिजनों ने शुरू से आरोप लगाया था कि घटना के दिन शव का अंतिम संस्कार जल्दबाजी में पानीहाटी श्मशान में कर दिया गया था. इसी आरोप के आधार पर सीबीआई ने श्मशान पहुंचकर संबंधित दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की जांच शुरू की है. जांच के दौरान सीबीआई अधिकारियों ने तत्कालीन श्मशान निरीक्षक, अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों तथा स्थानीय नगर निकाय




के अधिकारियों से पूछताछ की. अधिकारियों ने यह जानने का प्रयास किया कि पिछले वर्ष अगस्त में शव को श्मशान लाए जाने से लेकर अंतिम संस्कार पूरा होने तक कौन-कौन सी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था. सीबीआई टीम ने श्मशान के रजिस्टर, अंतिम संस्कार से संबंधित प्रमाणपत्रों और अन्य दस्तावेजों की भी जांच की. साथ ही घटना के समय उपलब्ध अभिलेखों और अन्य साक्ष्यों का मिलान किया गया. पीड़िता के परिवार का आरोप रहा है कि घटना के दिन पुलिस और प्रशासन के कुछ अधिकारियों ने अत्यधिक जल्दबाजी दिखाते हुए शव का अंतिम संस्कार कराया था. परिजनों का सवाल है कि उनकी मौजूदगी और सहमति के बावजूद इतनी तेजी से अंतिम संस्कार क्यों कराया गया और क्या इसके पीछे किसी संभावित साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश थी. इन्हीं आरोपों की सत्यता की जांच के लिए सीबीआई अब श्मशान से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल कर रही है. जांच एजेंसी श्मशान परिसर के तत्कालीन सीसीटीवी फुटेज, उपलब्ध रिकॉर्ड और दस्तावेजों का भी विश्लेषण कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उस पूरी प्रक्रिया में किन-किन लोगों की भूमिका थी और क्या किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन हुआ था. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीबीआई ने जांच के निष्कर्षों पर फिलहाल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एजेंसी विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल में जुटी हुई है.

# मेसी टीम ने किया पुलिस को ई-मेल, पूर्व खेल मंत्री अरूप विश्वास पर लगाया आरोप

**कोलकाताः** अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के पिछले वर्ष दिसंबर में हुए कोलकाता दौरे के दौरान कथित अव्यवस्था को लेकर विवाद ने नया मोड़ ले लिया है. मेसी की टीम से जुड़े एक सदस्य ने विधाननगर पुलिस आयुक्त को भेजे गए ई-मेल में उस समय के खेल मंत्री अरूप विश्वास को सीधे तौर पर घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है. सूत्रों के अनुसार, ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति मेसी के 'गोट टूर' के दौरान उनके सलाहकार के रूप में कोलकाता आए थे और कार्यक्रम के दिन मेसी के साथ मैदान पर भी मौजूद थे. ई-मेल में दावा किया गया है कि अरूप विश्वास के मैदान में प्रवेश करने के बाद ही पूरे घटनाक्रम में अव्यवस्था शुरू हुई. आरोप लगाया गया है कि उन्होंने मैदान में पहुंचकर ऐसे कई कार्य किए जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थे. ई-मेल में यह भी कहा गया है कि कार्यक्रम के आयोजक शतद्रु दत्त इस स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं थे और मेसी के निर्धारित समय से पहले युवा भारती क्रीड़ांगन छोड़ने के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता. इस संबंध में शतद्रु दत्त ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ई-मेल जांच में महत्वपूर्ण मदद कर सकता है. मेसी के कोलकाता दौरे में कथित अव्यवस्था को लेकर शतद्रु दत्त पहले भी लगातार अरूप विश्वास के खिलाफ आरोप लगाते रहे हैं. अब उन्होंने अरूप को मिली न्यायिक राहत को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया है. उनके वकील ने मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया. अदालत ने मामले को दाखिल करने की अनुमति दे दी है और इसी सप्ताह इसकी सुनवाई होने की संभावना है. इससे पहले अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए टॉलीगंज के पूर्व विधायक अरूप विश्वास ने उच्च न्यायालय से संरक्षण की मांग की थी. न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की थी. अदालत ने साथ ही उन्हें जांच में सहयोग करने और विधाननगर पुलिस को स्वतंत्र तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था. शतद्रु दत्त ने उसी आदेश को चुनौती दी है. उनका आरोप है कि दिसंबर में युवा भारती क्रीड़ांगन में आयोजित मेसी के कार्यक्रम के लिए कुल 70 हजार टिकट छापे गए थे, जिनमें से 22 हजार टिकट तत्कालीन खेल मंत्री अरूप विश्वास ने अपने पद और प्रभाव का इस्तेमाल कर हासिल कर लिए थे. शतद्रु का दावा है कि इन टिकटों को परिचितों में बांटने के साथ-साथ बेचा भी गया था. उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कार्यक्रम के दौरान हुई तमाम अव्यवस्थाओं के लिए अरूप विश्वास जिम्मेदार थे. इसी आधार पर उन्होंने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई और पूरे मामले की विस्तृत जांच की मांग की है. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने अरूप विश्वास को पूछताछ के लिए नोटिस भी भेजा था. हालांकि, उन्होंने पहले स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पेशी से छूट मांगी और बाद में गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए उच्च न्यायालय से संरक्षण प्राप्त कर लिया.

# पुलिसकर्मियों को चोट नहीं लगने देंगे, जनता और पुलिस दोनों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी




**कोलकाता:** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि उनकी सरकार आम लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब ऐसी स्थिति नहीं आने दी जाएगी जिसमें पुलिसकर्मियों को हमलों का शिकार होकर अस्पताल जाना पड़े. राज्य सरकार पुलिस बल को अधिक सक्षम, आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है. बुधवार को पश्चिम बंगाल पुलिस और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस बल की क्षमता और बुनियादी ढांचे के विकास को सरकार की प्राथमिकता बताया. शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि एक समय पश्चिम बंगाल पुलिस की कार्यकुशलता देश में मिसाल मानी जाती थी. उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता पुलिस की तुलना कभी अंतरराष्ट्रीय स्तर की पुलिस एजेंसियों से की जाती थी. हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पुलिस बल की क्षमताओं का समुचित उपयोग नहीं किया और उसके आधुनिकीकरण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पुलिस बल को इस तरह तैयार करेगी कि पुलिसकर्मियों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो सके. उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और पुलिस की सुरक्षा, दोनों ही सरकार की समान जिम्मेदारी हैं और सरकार इस दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य पुलिस को केंद्रीय बलों पर निर्भर रहने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए उसे अधिक आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा. राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के साथ हुआ समझौता इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पुलिस बल को आवश्यक प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और आत्मरक्षा के संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराए गए. उन्होंने कहा कि बल में क्षमता की कमी नहीं थी, लेकिन उसे बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए. पुलिस बल में रिक्त पदों को भरने का आश्वासन देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार भर्ती प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए काम कर रही है. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 16 हजार कांस्टेबलों को भी जल्द सेवा में लगाने की दिशा में पहल की जा रही है. साथ ही पुलिस बल को आधुनिक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार हर संभव सहयोग देगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल को अधिक सक्षम, पेशेवर और आधुनिक बनाकर जनता का विश्वास और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित किए जाएंगे.

# निर्मला सीतारमण के साथ बंगाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वपन दासगुप्ता की हुई बैठक



**कोलकाता/नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वपन दासगुप्ता ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से महत्वपूर्ण मुलाकात की. यह बैठक आगामी राज्य बजट से पहले बेहद अहम मानी जा रही है, जिसमें राज्य की वित्तीय स्थिति, आर्थिक चुनौतियों और केंद्र से मिलने वाली संभावित सहायता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. डॉ. स्वपन दासगुप्ता दिल्ली दौरे पर राज्य के आगामी पूर्ण बजट की तैयारियों को लेकर पहुंचे थे. सूत्रों के अनुसार, इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मौजूदा वित्तीय स्थिति, राजस्व संग्रह, बढ़ते सार्वजनिक व्यय और राज्य पर पड़े ऋण भार को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ विचार-विमर्श किया. इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत मिलने वाली फंडिंग और विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा हुई. बैठक में विशेष रूप से राज्य के वित्तीय संतुलन, जीएसटी से जुड़े बकाया मुद्दों, ग्रामीण विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास और आपदा प्रबंधन सहायता जैसे विषयों पर बातचीत होने की जानकारी सामने आई है. माना जा रहा है कि राज्य सरकार आगामी बजट में वित्तीय अनुशासन के साथ-साथ विकास योजनाओं के लिए केंद्र से अधिक सहयोग की उम्मीद कर रही है. दिल्ली दौरे के दौरान राज्य के वित्त मंत्री डॉ. दासगुप्ता ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक की. इस दौरान राज्य के विकास मॉडल, निवेश आकर्षित करने की रणनीति और विभिन्न सेक्टरों में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा हुई. पश्चिम बंगाल विधानसभा का बजट सत्र 18 जून से शुरू होने जा रहा है, जबकि राज्य का पूर्ण बजट 22 जून को पेश किया जाएगा. ऐसे में दिल्ली में हुई यह बैठक राज्य की आर्थिक रणनीति और बजट दिशा तय करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

## बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने विद्यालयों में योग सत्र शुरू करने की पैरवी की

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार विद्यालयों में प्रतिदिन योग सत्र शुरू करने की संभावना पर विचार करेगी क्योंकि यह विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए जरूरी है. पॉल ने यहां स्कूली विद्यार्थियों के साथ योग सत्र में हिस्सा लेते हुए कहा कि योग से एकाग्रता बढ़ाने में मदद मिलती है. उन्होंने 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज यहां कहा, योग कोई एक दिन की चीज नहीं है. हम विद्यालयों में योग सत्र शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुमति लेंगे. जब विद्यार्थी स्कूल आएंगे, तो पहला आधा घंटा योग के लिए रखा जा सकता है. बच्चे पश्चिम बंगाल और देश का भविष्य हैं. उनका स्वस्थ रहना जरूरी है. बिधाननगर नगर निगम के सहयोग से यहां बुधवार को आयोजित योग कार्यक्रम में छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखर्जी भी इस मौके पर मौजूद थे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचेंगे और अगले दिन यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे. पॉल ने बताया कि 21 जून को होने वाले योग कार्यक्रम से पहले कई गतिविधियों की योजना बनायी गयी है.

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/18 दिनांक: 15.06.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के **डानकुनी एवं खागड़ाघाट रोड स्टेशन पर वातानुकूलित प्रतीक्षालय तथा हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स में स्लीपिंग पॉड्स का अनुबंध** प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। **कैटलॉग संख्या : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-18। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय:** 30.06.2026 को दोपहर 2.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1**; एए/1; **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-डब्ल्यूआरएल-84-26-1** (पे एंड यूज़- लाउंजेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स) एवं पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन डानकुनी रेलवे स्टेशन पर वातानुकूलित प्रतीक्षालय का क्रमोन्नयन, रखरखाव तथा पहरा देने के लिए अनुबंध प्रदान करना। **2**; एए/2; **पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-केजीएलई-डब्ल्यूआरएल-85-26-1** (पे एंड यूज़ - लाउंजेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स) एवं पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के अधीन खागड़ाघाट रोड रेलवे स्टेशन पर वातानुकूलित प्रतीक्षालय का क्रमोन्नयन, रखरखाव तथा पहरा देने के लिए अनुबंध प्रदान करना। **3**; बीए/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसएलपीओडी-87-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्लीपिंग पॉड्स एट स्टेशन) एवं दस (10) वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स पर आरओएमटी (रेनोवेट ऑपरेट मेन्टेन एंड ट्रांसफर) के आधार पर आधुनिक सुख-सुविधाओं के साथ स्लीपिंग पॉड्स की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। (HWH-160/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# कोलकाता के टोपसिया स्थित तृणमूल के अस्थायी पार्टी कार्यालय पर लगा ताला

कोलकाताः पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस को एक और असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. पार्टी नेतृत्व के करीबी रहे कई नेता, समर्थक और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ दूरी बढ़ने की चर्चाओं के बीच अब महानगर क्षेत्र स्थित तृणमूल के अस्थायी पार्टी कार्यालय को खाली किए जाने की घटना ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है. तृणमूल सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक समय के करीबी माने जाने वाले व्यवसायी मनोतोष साहा उर्फ मन्टू साहा ने कोलकाता के पूर्वी मेट्रोपॉलिटन (ईएम) बाईपास, टोपसिया स्थित तृणमूल कांग्रेस के अस्थायी कार्यालय (जिसे 'तृणमूल भवन' कहा जाता है) को गत मई माह में खाली करने का नोटिस दिया था. इस बहुमंजिला भवन के मालिक स्वयं मन्टू साहा हैं. लंबे समय से इसी भवन के एक हिस्से से पार्टी की विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं. सूत्रों के अनुसार, भवन खाली करने के लिए पार्टी को दो माह का समय दिया गया था. हालांकि, राजनीतिक हलकों में पहले से ही चर्चा




थी कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने से पहले ही कार्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है, अंततः वही हुआ. मंगलवार रात भवन की दो मंजिलें पूरी तरह खाली कर दी गईं. शेष हिस्सों से भी कार्यालय सामग्री और अन्य संसाधनों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इस अस्थायी कार्यालय का राजनीतिक महत्व भी कम नहीं है. वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने तपसिया स्थित पुराने 'तृणमूल भवन' के आधुनिकीकरण की पहल की थी. पार्टी मुख्यालय को आधुनिक और कॉरपोरेट स्वरूप देने के उद्देश्य से पुराने कार्यालय से अस्थायी रूप से स्थानांतरित होने का निर्णय लिया गया था. उसी समय मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के इस बहुमंजिला भवन को अस्थायी पार्टी कार्यालय के रूप में चुना गया था. दक्षिण कोलकाता के सजावट व्यवसाय से जुड़े मन्टू साहा का राजनीतिक और व्यावसायिक प्रभाव लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है. राजनीतिक हलकों के एक वर्ग का दावा है कि तृणमूल की विभिन्न सभाओं, रैलियों और कार्यक्रमों में उनकी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी. लेकिन हाल के समय में उनके और तृणमूल के बीच बढ़ती दूरी के संकेत लगातार मिल रहे थे. पार्टी कार्यक्रमों को सेवाएं देना बंद करने से लेकर कार्यालय खाली करने के नोटिस तक, कई घटनाओं ने इस संबंध में आई खटास को उजागर किया है. हालांकि, पूरे घटनाक्रम पर मनोतोष साहा की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है. ऐसे में उनके इस फैसले के पीछे की वास्तविक वजह को लेकर राजनीतिक महकमे में अटकलों का दौर जारी है. तृणमूल के लिए यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब पार्टी पहले से ही विभिन्न विवादों, जांच और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है.

## जीवनतला में अवैध हथियार और कारतूस बरामद, दो गिरफ्तार

**कोलकाताः** दक्षिण 24 परगना जिले के जीवनतला थाना क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं. इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर 16 जून को जीवनतला थाना पुलिस ने श्रीनगर के चामड़ा पट्टी इलाके में छापेमारी की. इस दौरान दो युवकों को पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद साद्दाम हुसैन सरदार (34) और सामिनुर लस्कर (21) के रूप में हुई है. दोनों जीवनतला क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं. तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से लोहे से बने दो इम्प्रोवाइज्ड वन शॉटर हथियार, चार राउंड आठ एमएम जिंदा कारतूस बरामद किए गए. इसके अलावा तीन मोबाइल फोन और दो रॉयल एनफिल्ड क्लासिक 350 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना

युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है

(साइज 12x8)

सम्पर्क :

मो. : 9831572125, 9831494084

www.yuvashakti.news.com

email: yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज़ कॉर्नर

### जनकल्याण शिविर का आयोजन



**कुल्टी** : पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश के बाद लगातार पूरे पश्चिम बंगाल में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया है.उसकी एक झलक कुल्टी में भी दिखने को मिली.आज कुल्टी बॉयज स्कूल में भी जनकल्याण शिविर के मेला में काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली.वही भाजपा नेता कार्यकर्तागण लगातार शिविर में आम जनता की मदद करते दिख रहे है.हर जगह कुल्टी विधानसभा में भी ये देखने को मिल रहा है,वही भाजपा मंडल 2 के युवा मोर्चा के नेता निशु सिंह भी लगातार लोगों की मदद करते सक्रिय दिख रहे है,अन्नपूर्णा भंडार,आयुष्मान भारत,सहित और भी ढेर सारी योजना का लाभ जनता के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के तरफ से शुरू किया गया है.ये शिविर में काफी संख्या में महिलाएं भी जा रही है. इस मौक पर निशु सिंह साथ आदित्य नारायण शर्मा,शेखर जैस सहित काफी भाजपा युवा नेता कार्यकर्तागण मौजूद थे.

### बिजली पोल के सप्लाई बॉक्स में लगी आग, ग्रामीणों की तत्परता से टला हादसा



**मिर्जाचौकी** : थाना क्षेत्र के भगैया विशनपुर चौक के समीप बुधवार को एक बिजली पोल पर लगे विद्युत सप्लाई बॉक्स में अचानक आग लग गई.आग लगते ही बॉक्स से धुआं और लपटें निकलने लगीं!जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया.घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग को फोन कर मामले से अवगत कराया गया. सूचना पर विभाग द्वारा तत्काल संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई. इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया.ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते बिजली सप्लाई नहीं काटी जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था. इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई.

### राज्य के गृह रक्षको को भविष्य निधि सेवानिवृत्ति का लाभ देने की मांग



**जमशेदपुर** : गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ प्रदेश समिति के आवाहन पर झारखंड राज्य के पांच प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय झारखण्ड में अलग-अलग तिथि के अनुसार आवेदन पत्र समर्पित किया गया है. प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अमर तिरीया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त प्रमण्डल कार्यालय मे उपस्थित होकर राज्य के गृह रक्षकों को विहार के तर्ज पर दिये जाने वाले भविष्य निधि एवं सेवानिवृत्ति का लाभ मुहैया करवाने के संबंध में स्मार पत्र प्रेषित कर किया गया है. प्रेषित पत्र मे झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची के निर्गत पत्र की छाया प्रति आयुक्त को आवेदन के साथ अवलोकनार्थ हेतु संलग्न है. इस मुदंदे को राज्य के सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के विधायकों ने सुन्यकाल के दौरान मुद्दे को उठाया गया किंतु मामले पर कोई न्यायोचित निर्णय एव कोई कार्यवाही नही अपनाई गई है. पत्र स्मारित करवाते हुए स्पीड पोस्ट के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री को संबोधित इसी संदर्भ में पत्र समर्पित किया गया जिसकी प्रति राज्य के मुख्य सचिव, गृहकारा, आपदा प्रबंधन, गृहसचिव को लिखा गया है. अनुरोध सहित मांग करते हुए लिखा गया है की इस मामले को अपने संज्ञान में लेकर मे झारखंड राज्य के गृह रक्षको को भविष्य निधि सेवानिवृत्ति का लाभ सुविधा उपलब्ध कराई जाए.

### भाजपा नेता से मिले 'मोटू-पतलू' शो के मशहूर वॉइस आर्टिस्ट सौरभ चक्रवर्ती



**जमशेदपुर** : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह के कार्यालय में आज 'मोटू पतलू' कार्टून शो के प्रसिद्ध वॉइस आर्टिस्ट सौरभ चक्रवर्ती का आगमन हुआ. इस विशेष अवसर पर भाजपा नेता भरत सिंह ने सौरभ चक्रवर्ती का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया. कार्यालय में आयोजित इस अनौपचारिक मुलाकात के दौरान भरत सिंह ने सौरभ चक्रवर्ती के अद्भुत हुनर की सराहना की. उन्होंने कहा कि अपनी जादुई आवाज़ से देश-विदेश के करोड़ों बच्चों और परिवारों का मनोरंजन करने वाले ऐसे प्रतिभावान कलाकार का जमशेदपुर में स्वागत करना बेहद गौरव की बात है. सौरभ चक्रवर्ती ने भी इस आत्मीय स्वागत के लिए भरत सिंह के प्रति अपना आभार व्यक्त किया. इस दौरान दोनों के बीच कला, संस्कृति और जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई. इस दौरान शक्ति सिंह, राजेश चावला, अजीत पाल, लखविन्दर सिंह आदि लोग उपस्थित थे.

### पूर्व विधायक प्रदीप सरकार ने दिया इस्तीफा, बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**पश्चिम मेदिनीपुर** : खड़गपुर से पूर्व तृणमूल विधायक प्रदीप सरकार ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. उनके इस फैसले के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है.सूत्रों के अनुसार, प्रदीप सरकार ने बुधवार को पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य को पत्र भेजकर संगठन से मुक्त करने का अनुरोध किया. बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने इस्तीफे में निजी कारणों का उल्लेख किया है.उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में खड़गपुर सदर सीट से तृणमूल कांग्रेस ने प्रदीप सरकार को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें दिलीप घोष के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था. इससे पहले वह खड़गपुर नगरपालिका के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं और जिले की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा माने जाते रहे हैं.जिला स्तर पर पार्टी के महासचिव पद के बाद अब सीधे पार्टी छोड़ने के उनके निर्णय ने कई राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके इस कदम से खड़गपुर की राजनीतिक समीकरणों पर असर पड़ सकता है.हालांकि, इस्तीफे के बाद वह किस राजनीतिक दल में शामिल होंगे, इस पर उन्होंने अभी कोई स्पष्टसंकेत नहीं दिया है. उन्होंने केवल इतना कहा कि मैं किस दल में जाऊंगा, यह समय बताएगा.

# पीएफआई नेता और पाकुड़ जिला परिषद सदस्य हंजला शेख गिरफ्तार



**पाकुड़**: प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पीएफआई के सक्रिय सदस्य और पाकुड़ के जिला परिषद सदस्य हंजला शेख को मुफस्सिल थाना पुलिस ने देर रात छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट द्वारा जारी सजायफ्ता वारंट के आलोक में की है, जिसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वर्ष 2019 में किए गए एक अवैध प्रदर्शन को लेकर हंजला शेख के विरुद्ध मामला दर्ज था.

इसी मामले में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया. इससे पूर्व, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी एसडीजीएम निर्मल कुमार भारती की अदालत ने जीआर वाद संख्या 120/2020 कांड संख्या 87/2019 की सुनवाई करते हुए हंजला शेख को दोषी करार दिया था. अदालत ने उसे क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट सीएलए एक्ट की धारा 17 (1) एवं 17 (2) के तहत 3 साल की सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई थी. हालांकि, सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व में उसे अदालत से जमानत मिल गई थी, लेकिन अब पुलिस ने सजायफ्ता वारंट के आधार पर उसे फिर से गिरफ्तार किया है.

क्या था पूरा मामला?

दरअसल मुफस्सिल थाने में वर्ष 2019 में हंजला शेख के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से संबंध रखने और इलाके में अशांति फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12 गवाहों ने गवाही दी थी.

इस हाई-प्रोफाइल मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पहले अभियोजक राजेश लाल और बाद में लोक अभियोजक महेंद्र दास ने सरकार का पक्ष पुरजोर तरीके से रखा, जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बजले अहमद ने पैरवी की थी.

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, 8 लोग घायल

**लिट्टीपाड़ा** :थाना क्षेत्र के फुलपहड़ी गाँव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला प्रकाश में आया है. महज 5 फीट रास्ते की जमीन को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों के लोग लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े. इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के महिलाओं सहित कुल 8 लोग घायल हो गए हैं. सूचना मिलते ही लिट्टीपाड़ा थाना पुलिस मुस्तैदी दिखाते हुए फुलपहड़ी गाँव पहुँची और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया. पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया.वही डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया.

## बंद खदान में नहाने गया युवक लापता, डूबने की आशंका प्रशासन ने शुरू किया तलाशी अभियान



**पाकुड़**:जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलपहाड़ी गांव में मंगलवार को एक युवक के लापता होने की घटना सामने आई है. आशंका जताई जा रही है कि युवक बंद पड़े खदान के गहरे पानी में डूब गया है. लापता युवक की पहचान बेलपहाड़ी निवासी स्वर्गीय सुबोध पहाड़िया के 25 वर्षीय पुत्र राम पहाड़िया के रूप में हुई है.

**देर शाम तक घर नहीं लौटने पर बढ़ी चिंता:**जानकारी के अनुसार, राम पहाड़िया मंगलवार दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच गांव के पास स्थित बंद खदान में नहाने गया था. काफी देर तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की.**खदान किनारे मिले कपड़े और साबुन:**खोजबीन के दौरान परिजन जब खदान के पास पहुंचे तो उन्हें पानी के किनारे युवक के कपड़े और साबुन पड़े मिले. यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए और युवक के खदान के गहरे पानी में डूब जाने की आशंका जताई जाने लगी. इसके बाद तत्काल प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई.**प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची:**

घटना की जानकारी मिलते ही हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टुडू और अंचलाधिकारी मनोज कुमार घटनास्थल पर पहुंचे. अधिकारियों की मौजूदगी में युवक की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है.

**गांव में पसरा मातम, परिजन बेहाल:** घटना के बाद पूरे बेलपहाड़ी गांव में शोक का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुटे हुए हैं. प्रशासन की टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई है और युवक का पता लगाने का प्रयास जारी है.

### अवैध नशा सिंडिकेट का भडाफोड़ 25 ग्राम ब्राउन शुगर और गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**पाकुड़:** पुलिस द्वारा अवैध नशे कारोबारी के खिलाफ एक्शन जारी है. हिरणपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध नशे के कारोबार करने वाले दो आरोपियों को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरजनी स्थित कृष्ण साहा के बंद पड़े घर में ब्राउन शुगर और गांजा बेचा जा रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. दरसल एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि हिरणपुर थाना क्षेत्र के घाघरजनी स्थित कृष्ण साहा के बंद पड़े घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर और गांजा की खरीद -बिक्री की जा रही है.एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया सूचना मिलते ही एसपी अनुदीप सिंह ने एसडीपीओ पाकुड़ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया. गठित छापेमारी दल हिरणपुर थाना क्षेत्र के घाघरजनी स्थित बंद घर के पास पहुंचे, जहां पुलिस को देखकर वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे. इस दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को धर दबोचा. साथ ही घर के तलाशी के दौरान पुलिस ने 25 पुड़िया ब्राउन शुगर और 1किलो 672 ग्राम गांजा सहित नशीले पदार्थों की तौल में इस्तेमाल करने वाले इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया है. गिरफ्तार दोनों आरोपी हिरणपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है. फिलहाल अवैध नशे के खिलाफ पुलिस की करवाई जा रही है. एसडीपीओ कुमार गौरव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी.

### दुष्कर्म के एक मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**लिट्टीपाड़ा:** पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार लिट्टीपाड़ा थाना में कांड संख्या 33/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इछड) की धारा 64(1) के अंतर्गत एक मामला दर्ज किया गया था. मामला दर्ज होते ही पुलिस प्रशासन रेस हुआ. वही थाना प्रभारी विवेक कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए छापेमारी कर नामजद आरोपी रमेश सोरेन (21 वर्ष) को हिरासत में ले लिया..गिरफ्तारी के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कानूनीऔपचारिकताओं को मुस्तैदी से पूरा किया गया.

## फेसबुक पोस्ट में की अभद्र टिप्पणी: ग्रामीणों के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगने पर मजबूर हुए तृणमूल नेता

**धूपगुड़ी/जलपाईगुड़ी** : सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की तस्वीर को लेकर कथित तौर पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के एक समय के प्रभावशाली नेता को आम जनता के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी है. धूपगुड़ी अनुमंडल के झाड़ आलता 2 नंबर ग्राम पंचायत के खट्टीमारी इलाके में हुई इस घटना को लेकर अब राजनीतिक गलियारों में जमकर चर्चा शुरू हो गई है.मुख्यमंत्री की तस्वीर पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोपमिली जानकारी के अनुसार, इलाके के तृणमूल नेता जगबंधु अधिकारी ने कुछ दिन पहले अपने फेसबुक अकाउंट पर मुख्यमंत्री की एक तस्वीर साझा करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई. इसके विरोध में स्थानीय भाजपा (इगझ) कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया और इस मुद्दे पर चर्चा की पहल की.शुरुआत में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जगबंधु अधिकारी के घर भी गया था, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी. इसके बाद उन्हें एक सार्वजनिक बैठक में आकर अपने बयान के लिए खेद प्रकट करने को कहा गया. साथ ही सोशल मीडिया से उस आपत्तिजनक पोस्ट को तुरंत हटाने का अनुरोध भी किया गया.जनसभा में हाथ जोड़कर मांगी माफीमंगलवार दोपहर खट्टीमारी स्कूल चौपती स्थित एक निजी स्कूल में इस विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में स्थानीय भाजपा नेतृत्व, ग्रामीण और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. लंबी चर्चा और बहस के बाद, तृणमूल नेता जगबंधु अधिकारी ने सभी के सामने अपनी गलती स्वीकार की.चश्मदीदों के अनुसार: जगबंधु अधिकारी ने उपस्थित जनता के सामने हाथ जोड़कर अपनी इस हरकत के लिए खेद व्यक्त किया. साथ ही उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि भविष्य में वे इस तरह की किसी भी विवादित गतिविधि में शामिल नहीं होंगे.शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा विवादइस बैठक में झाड़ आलता 2 नंबर ग्राम पंचायत के एक तृणमूल सदस्य भी मौजूद थे. उनकी उपस्थिति में ही इस पूरे मामले का आपसी समझौता (सुलह) कराया गया.स्थानीय सूत्रों का दावा है कि जगबंधु अधिकारी अतीत में इलाके के एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता के रूप में जाने जाते थे और कई राजनीतिक विवादों में उनका नाम आ चुका है.

### अनियंत्रित मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**लिट्टीपाड़ा:** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-हिरणपुर मुख्य सड़क पर लिट्टीपाड़ा तिलकामांझी चौक के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.मिली जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान फुलपहड़ी गाँव निवासी सफीक अंसारी (39 वर्ष) और समीम अंसारी (16 वर्ष) के रूप में हुई है.दोनों व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से लिट्टीपाड़ा अस्पताल जा रहे थे. जैसे ही वे तिलकामांझी चौक के पास पहुँचे, सामने से अचानक एक तेज रफ्तार टेम्पो आ गया. टेम्पो से सीधी टक्कर को टालने के लिए मोटरसाइकिल चालक ने अचानक जोरदार ब्रेक लगा दिया.

## कोटालपोखर पंचायत में विशेष शिविर बना ग्रामीणों के लिए राहत केंद्र, प्रमाण पत्र बनाने उमड़ी भीड़



**बरहरवा** : साहिबगंज जिला प्रशासन के निर्देश पर कोटालपोखर पंचायत सचिवालय में आयोजित विशेष शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है. जाति, आय एवं आवासीय (निवास) प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन और निष्पादन के लिए चलाए जा रहे इस तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन बुधवार को भी बड़ी संख्या में लोग पंचायत सचिवालय पहुंचे. शिविर में पंचायत कर्मियों ने आवेदकों के दस्तावेजों की जांच कर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए तथा लोगों को आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी. पंचायत स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है, जिससे समय और आर्थिक खर्च दोनों की बचत हो रही है. पंचायत सचिव राजेंद्र प्रसाद साह ने बताया कि विद्यार्थियों, युवाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को आवश्यक प्रमाण पत्र समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है. शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है. वहीं, मुखिया सेरोफिना हेंब्रम ने कहा कि पंचायतवासियों को उनके घर के नजदीक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना पंचायत की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीणों की समस्याओं को कम करने में प्रभावी साबित हो रहे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए. शिविर के दौरान मदनेश्वर पांडे, अमित साह सहित कई वार्ड सदस्य मौजूद रहे.

ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा मिलने से प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सरल, पारदर्शी और सुगम हो गई है. प्रशासन की इस पहल से विशेष रूप से छात्रों और युवाओं को काफी लाभ मिल रहा है.

### बरहेट पंचकठिया बाजार में दिनदहाड़े सीएसपी से 3.50 लाख की लूट



**बरहेट** : पंचकठिया बाजार स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में बुधवार सुबह करीब 9 बजे अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े लगभग 3.50 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया. सीएसपी संचालक विपिन कुमार रुज ने बताया कि वे नकदी लेकर सीएसपी पहुंचे थे और रुपये दराज में रखकर सफाई कर रहे थे. इसी दौरान एक बदमाश ने पीछे से उनके सिर पर हमला कर दिया और दराज से रुपये की पोटली निकालकर फरार हो गया. बाहर पहले से एक अन्य युवक काले रंग की पल्सर बाइक पर मौजूद था, जिसके साथ दोनों आरोपी भाग निकले.घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है. इस संबंध में सीएसपी संचालक ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है.

## जिला समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा



**साहिबगंज** : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक में आयोजित की गई. बैठक मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा के क्रम में बोरियो क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.नगर परिषद साहिबगंज एवं नगर पंचायत बरहरवा अंतर्गत प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने भूमि हस्तांतरण एवं वन स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया. शिक्षा विभाग को विद्यालय मरम्मती एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन के पश्चात रिक्त सीटों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये.महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने, पीएम-जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य में गति लाने, मानदेय भुगतान, पोषाहार की नियमित उपलब्धता तथा अभिश्रव के यथाशीघ्र नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया.उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों का विभागीय दिशा निर्देशों के आलोक में शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है. पर्यटन प्राधिकार गठन, न्यायालयों में लंबित वाद, लघु सिंचाई गणना की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई. उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने हेतु अभिलेखों एवं प्रस्तावों को शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. इनमें बरहेट प्रखंड में 2500 एमटी क्षमता के गोदाम निर्माण, होमगार्ड कार्यालय सह परिसर, बालिका गृह निर्माण, नगर पालिका कार्यालय के नव निर्माण, डटीआरडब्ल्यू निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं.

उपायुक्त ने कहा कि इन योजनाओं के लिए भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजनाओं का कार्य समयबद्ध रूप से प्रारंभ किया जा सके.इस बैठक में मौजूद उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न थाना प्रभारी उपस्थित थे.

## न्यूज़ कॉर्नर

### धनबाद में खुला केटीएम और ट्रियूम्प का नया शोरूम, बाइक प्रेमियों में उत्साह




**धनबाद :** सरायढेला में केटीएम एवं ट्रियूम्प बाइक के नए शोरूम का उद्घाटन बजाज ऑटो के वाइस प्रेसिडेंट ग्रुप वर्मा ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर शोरूम के संचालक राजीव और पीयूष ने बताया कि नए शोरूम का उद्देश्य धनबाद एवं आसपास के क्षेत्र के ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मोटरसाइकिल अनुभव देना है. ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम में आधुनिक वर्कशॉप की व्यवस्था की गई है. यहां सर्विसिंग, स्पेयर पार्ट्स और सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी.बाइक प्रेमियों में नए शोरूम को लेकर उत्साह देखा गया. अब धनबाद के युवाओं को प्रीमियम बाइक के लिए रांची या कोलकाता नहीं जाना पड़ेगा.

### जोड़ाफाटक गुरुद्वारा में गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर छबील सेवा



**धनबाद:** जोड़ाफाटक गुरुद्वारा, धनबाद में श्री गुरु अर्जन देव के 420वें शहादत दिवस पर छबील का आयोजन किया गया. संगत ने गुरुजी के बलिदान को नमन करते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा शरबत वितरित किया.सेवा कार्य में गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य रोमिंदर सिंह, नवतेज सिंह,अमरजीत सिंह, सरदूल सिंह, लड्डू सिंह, दिल्लू, भजन, सोनू सरदार, सोनी, कृपाल सिंह, टिंकू सिंह, हरिंदर सिंह, रामा , मन्नू, बबलू, नरेश, दिलीप जी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहयोग किया.कार्यक्रम में अरदास और कीर्तन के बाद सेवा भाव से लोगों को शरबत पिलाया गया. आयोजकों ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी का जीवन हमें सत्य, धैर्य और निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है.

### जागृति योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सभी बीडीओ एवं बीपीआरओ को दिया गया निर्देश

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं प्रखंड जनसंपर्क पदाधिकारियों (बीपीआरओ) को निर्देशित किया गया है कि वे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की जागृति योजना-2025 के तहत संचालित कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार आमजन के बीच सुनिश्चित करें.निर्देश में कहा गया है कि 18 जून से 20 जून 2026 तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक अधिकार, कल्याण, संरक्षण एवं गरिमा से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सुविधा केंद्र, कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी परिसर, शेरघाटी में विशेष व्यवस्था की गई है.सचिव अरविंद कुमार दास जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सभी बीडीओ एवं बीपीआरओ को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सुविधा केंद्र में उपस्थित होकर निःशुल्क विधिक सहायता एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है.जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं तथा अपने विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सहायता हासिल करें.

### 20 जून को वज़ीरगंज पहुंचेंगे आनंद मोहन, भव्य स्वागत की तैयारी

**युवा शक्ति न्यूज**
**वजीरगंज(गया) :** गरीबों के मसीहा व पूर्व सांसद आनंद मोहन के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है.द राजपूत ऑफ बिहार के तत्वावधान में 20 जून दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे मुक्ता गार्डन, वज़ीरगंज में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा.संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर मन्तोष सिंह ने बताया कि स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं.कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे.ठाकुर मन्तोष सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं. उन्होंने कहा कि आनंद मोहन का जनहितकारी योगदान सदैव प्रेरणादायक रहा है.

### जन कल्याण शिविर के दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़,ग्रामीणों ने ली योजनाओं का लाभ

**युवा शक्ति न्यूज**
**वज़ीरगंज(गया):** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर के दूसरे दिन भी लोगों का उत्साह देखने को मिला.बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवा पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया.शिविर में आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, श्रम पंजीकरण, आधार सत्यापन, ई-केवाईसी की सेवा दी गई.स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष्मान भारत कार्ड काउंटर पर सबसे अधिक भीड़ रही.प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवा देकर योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाना है.ग्रामीणों ने पहल की सराहना की.

### एनसीबी ने दो ट्रकों से बरामद की भारी खेप

**हरिनघाटा (नदिया) :**नदिया जिले के हरिनघाटा थाना अंतर्गत बड़जागुली कपिलेश्वर इलाके में 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग (छक-12) के किनारे एक कंटेनर ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से हड़कंप मच गया. दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर की तलाशी लेने पर उसके भीतर से बोरियों में भरा भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है.सिलीगुड़ी से कोलकाता जा रही थी खेप, एनसीबी ने किया पीछासूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह कंटेनर ट्रक सिलीगुड़ी से कोलकाता की ओर जा रहा था. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (छउइ) को गुप्त सूचना मिली थी कि इस गाड़ी के भीतर बड़े पैमाने पर गांजे की तस्करी की जा रही है. सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने गाड़ी का पीछा करना शुरू किया.पीछा किए जाने के दौरान हरिनघाटा के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कंटेनर सड़क के किनारे बने गड्ढे (नयानजुली) में पलट गया. हादसा होते ही ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया. एनसीबी की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जब गाड़ी की तलाशी ली, तो दंग रह गए.जांच के दौरान पकड़ा गया दूसरा कंटेनर; चायपत्ती की आड़ में तस्करीएनसीबी की टीम जब पहले ट्रक में तलाशी अभियान चला रही थी, ठीक उसी समय 12 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग से एक और संदिग्ध कंटेनर ट्रक गुजर रहा था. अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए उस दूसरे ट्रक को भी रुकवाया और उसकी गहन तलाशी ली.बरामदगी का तरीका: दोनों कंटेनर ट्रकों को खोलने पर देखा गया कि ऊपर चायपत्ती की बोरियां लदी हुई थीं, ताकि किसी को शक न हो. चायपत्ती की बोरियों के नीचे छिपाकर गांजे के पैकेट रखे गए थे.कार्रवाई: दूसरे ट्रक से भी भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ.इलाके में सनसनी, जांच में जुटे अधिकारीराष्ट्रीय राजमार्ग पर इतने बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर पूरे इलाके में भारी सनसनी फैल गई है. इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां से लाया जा रहा था

# फर्जी अधिवक्ता बनकर ठगी के आरोपित को चार दिनों की पुलिस हिरासत



**पश्चिम बर्दवान :** कानूनी सहायता दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने के आरोप में रानीगंज पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. आरोपित की पहचान रानीगंज के तारबांग्ला क्षेत्र निवासी सजल दास के रूप में हुई है. पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया.पुलिस के अनुसार, आरोपित खुद को प्रभावशाली अधिवक्ता बताकर लोगों से संपर्क करता था और कानूनी मामलों का समाधान कराने का भरोसा देकर उनसे पैसे लेता था. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया.मामले की शुरुआत रानीगंज के गिर्जापाड़ा क्षेत्र निवासी एक महिला की शिकायत से हुई. शिकायत में कहा गया कि पिता के निधन के बाद संपत्ति से जुड़े कानूनी दस्तावेज तैयार कराने के लिए आरोपित से संपर्क किया गया था. आरोप है कि आरोपित ने स्वयं को आसनसोल न्यायालय का वरिष्ठ अधिवक्ता बताते हुए जल्द काम कराने का भरोसा दिया.शिकायत के अनुसार, आरोपित ने अपने प्रभाव और पहचान का दावा करते हुए संपत्ति संबंधी कार्य पूरा कराने के नाम पर लगभग चार लाख 75 हजार रुपये नकद और ऑनलाइन माध्यम से लिए. काफी समय बीतने के बाद भी न तो दस्तावेज तैयार किए गए और न ही राशि वापस की गई.शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की. जांच के दौरान लेनदेन, दस्तावेजों और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है.आरोपित को आसनसोल जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर आगे की पूछताछ के लिए चार दिनों की पुलिस रिमांड मंजूर कर दी. जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस हिरासत के दौरान मामले के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी.पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी कानूनी सलाह या सेवा लेने से पहले संबंधित व्यक्ति की प्रमाणिकता की जांच अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें. फिलहाल मामले की जांच जारी है.

### विद्यालय भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप

**लिट्टीपाड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के जामजोड़ी पंचायत अंतर्गत डंगाकुड़ियां गांव में निर्माणाधीन विद्यालय भवन को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण कार्य में तय मानकों की अनदेखी की जा रही है और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और भविष्य में भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में 15 इंच के पिलर में निर्धारित मानक के विपरीत 12 एमएम छड़ का उपयोग किया जा रहा है. इसके अलावा कुर्सी कॉलम बेस की ढलाई भी मानकों के अनुरूप नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है. ग्रामीणों का दावा है कि ढलाई की मोटाई कम रखी जा रही है

## सीयूएसबी के छात्र दिव्यांश ने आईआईटी रोपड़ में आयोजित युवा संगम चरण-6 में लिया भाग

**युवा शक्ति न्यूज**
**टिकारी(गया :** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के यूजी-पीजी राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध (पीएसआईआर, चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र दिव्यांश ने भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) पहल के अंतर्गत आईआईटी रोपड़ में आयोजित प्रतिष्ठित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा संगम चरण-6 में भाग लिया.इस उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा तथा राजनीति अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार ने दिव्यांश को बधाई दी है.जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो. मुदस्सीर आलम ने बुधवार को बताया कि दिव्यांश ने कठोर बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार कर इस कार्यक्रम में अपना स्थान सुनिश्चित किया.इस चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, संप्रेषण कौशल, जागरूकता तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया गया.इस चरण में बिहार को पंजाब के साथ जोड़ा गया था, जिसमें बिहार की ओर से आईआईटी पटना नोडल संस्थान तथा पंजाब में आईआईटी रोपड़ मेजबान संस्थान था.बिहार के पूर्णिया निवासी दिव्यांश इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के युवा प्रतिभागियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पंजाब गए, जहाँ उन्हें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं औद्योगिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिला.प्रतिनिधिमंडल ने स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर तथा विरासत-ए-खालसा जैसे प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया.इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों ने टॉप्पन स्पेशियलिटी फिल्म्स का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं और आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणालियों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई.इन यात्राओं के माध्यम से प्रतिभागियों को पंजाब की आध्यात्मिक परंपराओं, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान तथा उसकी जीवंत सांस्कृतिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली.कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात का अवसर रहा, जहाँ प्रतिभागियों ने युवा नेतृत्व, शिक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया.अपने अनुभव साझा करते हुए दिव्यांश ने कहा कि युवा संगम उनके लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी यात्रा रही, जिसने उनके दृष्टिकोण का विस्तार किया और भारत की सांस्कृतिक विविधता के प्रति उनकी समझ एवं सम्मान को और गहरा किया.इस कार्यक्रम ने युवाओं के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा दिया तथा विविधता में एकता की भावना को और मजबूत किया.यह कार्यक्रम वास्तव में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करता है, जो युवा भारतीयों को स्थायी संबंध स्थापित करने और एक मजबूत एवं एकजुट राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है.

### जन कल्याण शिविरों की अवधि बढ़ाई गई

**राणाघाट :** आम जनता की भारी मांग और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए राज्य में चलाए जा रहे जन कल्याण शिविरों (कल्याणकारी कैंपों) की अवधि को एक और दिन के लिए बढ़ा दिया गया है. राणाघाट के सांसद जगन्नाथ सरकार ने जानकारी दी है कि यह शिविर कल भी पूरी तरह चालू रहेंगे ताकि कोई भी नागरिक सुविधाओं से वंचित न रहे.सांसद ने स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक स्तर पर इन कार्यों को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा. यदि किसी कारणवश सरकारी छुट्टी भी होती है, तो भी ब्लॉक विकास अधिकारी (इऊज) कार्यालयों में काम का सिलसिला बिना रुके चलता रहेगा.इन योजनाओं के लिए उमड़ रही है भारी भीड़शिविरों में आम लोगों की भारी भीड़ और लंबी कतारों के संबंध में बोलते हुए सांसद ने बताया कि मुख्य रूप से 'आयुष्मान भारत', 'अन्नपूर्णा योजना' और 'जॉब कार्ड' जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों में भारी उत्साह और मांग है. उन्होंने आगे कहा कि इन कैंपों के अलावा, अधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर भी विवरणों में सुधार (करेक्शन) करने और अन्य सेवाएं प्रदान करने का काम लगातार कर रहे हैं.ऑनलाइन और पेंशन योजनाओं पर अपडेटऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल ऐप की तकनीकी समस्याओं तथा विधवा व वृद्धावस्था पेंशन (भत्ता) के संदर्भ में सांसद ने बताया:'वर्तमान में कुछ मामलों में ऑफसेट या ऑफलाइन मोड में काम किया जा रहा है. जैसे ही भविष्य में पूर्ण ऑनलाइन सेवाएं सुचारू रूप से शुरू होंगी, इन सभी ऑफलाइन आवेदनों और आंकड़ों को सिस्टम में दर्ज (डिजिटाइज) कर दिया जाएगा. कुछ ऐप्स का तकनीकी काम अभी बाकी होने के कारण कुछ विशेष परियोजनाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है.'100 दिन रोजगार (जॉब कार्ड) पंजीकरण पर जोर100 दिन रोजगार योजना के तहत नाम दर्ज कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि इस समय नए जॉब कार्ड की मांग बहुत ज्यादा है. उन्होंने दोहराया कि इन जन कल्याण शिविरों का मुख्य और एकमात्र उद्देश्य आम जनता को सीधे तौर पर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करना है.

### केंदा में नाबालिग से कथित छेड़छाड़ का आरोप, गिरफ्तार

**पश्चिम बर्दवान :** जामुड़िया के खास केंदा इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार की घटना सामने आने के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी.परिवार के अनुसार, नाबालिग लड़की अपनी सहेली को बुलाने के लिए पड़ोस के घर गई थी. आरोप है कि वहां मौजूद सहेली के 55 वर्षीय दादाजी ने उसे घर के अंदर रोक लिया. परिजनों का कहना है कि शुरुआत में उन्हें बच्ची के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली, लेकिन पड़ोसियों ने रोने की आवाज सुनने के बाद सूचना दी.लड़की के पिता नारायण महाराणा ने बताया कि बेटी काफी देर तक नहीं मिलने पर खोजबीन शुरू की गई. इसी दौरान जानकारी मिली कि बच्ची पड़ोसी के घर में है. उनका आरोप है कि जब वे वहां पहुंचे तो पहले आरोपित ने बच्ची के घर आने से इनकार किया, लेकिन बाद में बच्ची उसी घर से बाहर आई.परिजनों का दावा है कि बच्ची ने बताया कि उसके हाथ-पैर और मुंह बांध दिए गए थे तथा उसके साथ मारपीट भी की गई. इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आरोपितको पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया.केंदा चौकी की पुलिस आरोपित मोहम्मद मुस्तफा अंसारी को हिरासत में लेकर थाने ले गई. नाबालिग के परिवार की ओर से लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है. हालांकि आरोपित मोहम्मद मुस्तफा अंसारी ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है. पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है.

### अवैध बालू लदे 01 ट्रैक्टर किया गया बरामद

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में मंगलवार को चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में अवैध बालू लदे 01 ट्रैक्टर बरामद किया गया. बुनियादगंज थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा चोरी छुपे अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है.

### विशेष छापामारी अभियान में 14 लीटर देशी महुआ शराब, 28 लीटर विदेशी शराब के साथ 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**युवा शक्ति न्यूज**
**गया :** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में मंगलवार को चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में 14 लीटर देशी महुआ शराब, 28 लीटर विदेशी शराब के साथ 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया.जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में गया पुलिस के द्वारा जिला में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन तथा इस कारोबार में संलिप्त तस्करों / माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरबहदा थाना के द्वारा छापामारी कर 0.750 लीटर विदेशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में सरबहदा थाना कांड संख्या-100/26, दिनांक-16.06.2026, धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.थानाध्यक्ष बुनियादगंज थाना के द्वारा छापामारी कर 10.375 लीटर विदेशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में बुनियादगंज थाना कांड संख्या-196/26, दिनांक-16.06.2026, धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.थानाध्यक्ष चेरकी थाना के द्वारा छापामारी कर 04 लीटर देशी महुआ शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में चेरकी थाना कांड संख्या-94/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.थानाध्यक्ष परैया थाना के द्वारा छापामारी कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया.उक्त अभियुक्त परैया थाना कांड संख्या-105/26, 04 जून को धारा-30 (ए) (सी) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 में फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.उसी तरह थानाध्यक्ष डेल्हा थाना के द्वारा छापामारी कर 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया.इस संबंध में डेल्हा थाना कांड संख्या-167/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.उसी तरह थानाध्यक्ष मगध विश्व विद्यालय थाना के द्वारा छापामारी कर 16.875 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया.इस संबंध में म0वि0वि0 थाना कांड संख्या-179/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. ये किए गए गिरफ्तार.चंदन मांझी, पे0 उदल मांझी, सा0 गमारपुर, थाना खिजरसराय, ओम प्रकाश, पे0 स्व0 रामेश्वर कमोली, सा0 मानपुर बाजार सब्जी मंडी, थाना बुनियादगंज, धनंजय मांझी, पे0 कारू मांझी, सा0 बेगुमढ़, टुन मांझी उर्फ राजू कुमार, पे0 बुटारी, सा0 मियों बिगहा, दोनों थाना परैया, एवं एक महिला भी अभियुक्त है, सभी जिला गया के है.सभी से देशी महुआ शराब 14 लीटर, विदेशी शराब 28 लीटर बरामद किये गये है.

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने खेल विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

**युवा शक्ति न्यूज**
**गयाजी :** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को खेल विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह एवं खेल विभाग के निदेशक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में गया जिले तथा मगध प्रमंडल में खेल अवसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं खेल सुविधाओं के विस्तार की विस्तृत समीक्षा की गई.बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गया कॉलेज के समीप प्रस्तावित 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बोधगया स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), विशेष कार्यबल प्रशिक्षण केंद्र तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रस्तावित खेल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली.विभाग द्वारा बताया गया कि इन सभी परियोजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय को स्वीकृति हेतु भेजे जा चुके हैं और स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा.डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि गया जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले शहर में आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास समय की आवश्यकता है.उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र डीपीआर तैयार करने पर बल दिया.
मगध प्रमंडल अंतर्गत चंदौती के दूर्वे में प्रस्तावित प्रमंडलीय खेल परिसर की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि बिहार के सभी प्रमंडलों के लिए एक आदर्श खेल परिसर मॉडल विकसित किया जाए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक्स ट्रैक, खेल मैदान, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के आवास, प्रशिक्षण केंद्र तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों.
उन्होंने कहा कि गया में पर्याप्त भूमि, एयरपोर्ट, रेल एवं सड़क संपर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए इसे खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया जा सकता है.बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने मगध प्रमंडल में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गया में दो विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तथा उत्कृष्ट परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके कारण यहां साई केंद्र की स्थापना खिलाड़ियों के हित में अत्यंत उपयोगी होगी.उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया.उन्होंने गया जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित करने हेतु विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इस दौरान खेल विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गया में एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा.बैठक में पंचायत स्तर पर गठित खेल क्लबों की समीक्षा करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में भी खेल क्लब गठित करने का सुझाव दिया.उन्होंने कहा कि खेल संस्कृति को गांवों के साथ-साथ शहरों में भी मजबूत करने की आवश्यकता है, जिससे बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके.
उन्होंने सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों के परिसरों को खेल मैदान के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया.डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है.खेल अवसंरचना, प्रशिक्षण एवं खेल संघों की सक्रिय भागीदारी से बिहार खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा.
उन्होंने खेल विभाग को केंद्र सरकार के समक्ष लंबित प्रस्तावों के त्वरित अनुमोदन हेतु सतत प्रयास करने तथा सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.
बैठक के अंत में अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए खेल विकास के कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का आह्वान किया.

# राष्ट्रीय जनता दल का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम संपन्न




**औरंगाबाद**: ( बिहार ) बुधवार दिनांक - 17 जून 2026 को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय मुख्य द्वार से पश्चिम दिशा में ही मुख्य मार्ग पर बनी हुई डिवाइडर के पास एक दिवसीय धरना दिया गया! जिसमें मौजूद नगर - पंचायत, रफीगंज के पूर्व अध्यक्ष, वर्तमान नगर - पंचायत, रफीगंज के अध्यक्ष, मिरिख दरखशां के प्रतिनिधि एवं हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 के दौरान रफीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या - 224 से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी रह चुके प्रोफेसर डॉक्टर गुलाम शाहिद ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गया है! शिक्षा की स्थिति बदहाल है! बिहार में भ्रष्टाचार काफी चरम सीमा पर पहुंच चुका है! जो किसी भी व्यक्ति से छुपी हुई नही है! साथ ही बिहार में कानून - व्यवस्था भी पुरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है! बिहार में हमेशा अपराधी बेलगाम है! करीब - करीब कोई भी ऐसा दिन नहीं होता है, कि बिहार के न्यूज में अपराधिक घटनाओं की खबर देखने हेतु ना मिल जाए! इसलिए यहां पर मौजूद मैं सभी मीडिया बंधुओ से भी यही अनुरोध करना चाहुंगा, कि जो वर्तमान स्थिति है! हम लोग या आप लोग भी देख ही रहे हैं, तो उसी बात को आप लोग भी सच्चाई दिखाइए, क्योंकि आप लोग देश के चौथे स्तंभ हैं! आप लोग के माध्यम से ही यह बात जन - जन तक पहुंचेगी, और जनता भी जागरूक होगी! ध्यातव्य हो कि इस आयोजित धरना कार्यक्रम में औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के राजद सांसद, अभय कुमार कुशवाहा, राजद नेता योगेंद्र यादव, अनिल कुमार टाइगर, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, रमेश यादव, नबीनगर विधानसभा क्षेत्र संख्या - 221 से सनब 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी रहे अमोद कुमार चंद्रवंशी, मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद विधायक सतीश कुमार दास, अरवल के पूर्व विधायक रविंद्र कुमार सिंह, कौलेश्वर प्रसाद यादव सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे! लेकिन इस आयोजित कार्यक्रम में गोह विधानसभा क्षेत्र संख्या - 219 से पहली बार राष्ट्रीय जनता दल के विधायक बने एवं औरंगाबाद के पूर्व राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष, अमरेंद्र कुमार कुशवाहा शामिल नहीं हुए थे, परंतु जब संवाददाता ने समाचार प्रेषण पूर्व ही गोह विधानसभा क्षेत्र संख्या - 219 के राजद विधायक अमरेंद्र कुमार कुशवाहा से मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित करने के बाद बात की, तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हम फैमिली टूर पर माता वैष्णो देवी मंदिर एवं स्वर्ण मंदिर अमृतसर चले आए थे! अभी लौट रहे हैं! कल पटना पहुंच जाएंगे! इसीलिए हम आज के आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं! इसके लिए अब विपक्षी चाहे जो भी कहे! विपक्षी तो दुष्प्रचार प्रचार करता ही है! विपक्ष का काम यही है! वहीं इसी आयोजित कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा क्षेत्र संख्या - 220 के पूर्व राजद विधायक ऋषि कुमार भी शामिल नहीं हो पाए थे! तब इसी संबंध में जब संवाददाता ने ओबरा विधानसभा क्षेत्र संख्या - 220 के पूर्व राष्ट्रीय जनता दल विधायक रहे ऋषि कुमार से भी समाचार प्रेषण पूर्व ही मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित कर सवाल पूछा तो उन्होंने भी जानकारी देते हुए बताया कि मेरा तो पहले से ही तीन दिन का ट्रिप प्रोग्राम सोमनाथ मंदिर एवं द्वारकाधीश मंदिर का बन गया था!
आज मैं सोमनाथ में हूं, और कल द्वारकाधीश मंदिर जाऊंगा, और फिर परसों यहां से मैं वापस लौटूंगा! इसी वजह से मैं आज के आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाया हूं! इसके लिए मैं पहले भी बता चुका था कि मैं जिला मुख्यालय में धरना कार्यक्रम के समय मौजूद नहीं रहूंगा! ऐसे में पिछले बार तो प्रखंड मुख्यालय के धरना कार्यक्रम में मौजूद था ही! ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जनता दल द्वारा बुधवार दिनांक - 17 जून 2026 को आयोजित धरना कार्यक्रम में अध्यक्षता, अनिल कुमार टाइगर ने किया, तथा मंच संचालन, नबीनगर विधानसभा क्षेत्र संख्या - 221 के पूर्व राष्ट्रीय जनता दल विधायक अमोद कुमार चंद्रवंशी ने किया!

# दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई से जुड़े टेरर मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, 5 और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस बल को निशाना बनाने की थी साजिश
- दहशत का माहौल तैयार करने की थी प्लानिंग




**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल/एनडीआर ने एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पाकिस्तान स्थित आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि इस मॉड्यूल से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. पुलिस के अनुसार यह कुल 8 सदस्यीय नेटवर्क है, जो दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के राज्यों में पुलिस कर्मियों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की साजिश में सक्रिय था.

स्पेशल सेल के अनुसार यह कार्रवाई इंस्पेक्टर सुनील रजैन और इंस्पेक्टर धीरज के नेतृत्व में एनडीआर टीमों द्वारा की गई, जिसकी निगरानी एसीपी/एनडीआर विवेक कुमार त्यागी कर रहे थे. पुलिस का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच जारी है. जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल न केवल हथियारों की तस्करी और टारगेट किलिंग की साजिश में शामिल था, बल्कि दिल्ली-एनसीआर में तहरीक-ए-तालीबान हिन्दुस्तान (टीटीएच) नामक एक कथित संगठन का प्रचार भी कर रहा था. आरोप है कि पाकिस्तान आधारित हैंडलर के निर्देश पर यह नेटवर्क पुलिस बल को निशाना बनाने, पोस्टर लगाने और ग्राफिटी के जरिए दहशत फैलाने की योजना पर काम कर रहा था. डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सोहैल, सोनू मीणा, सचिन कुमार मीणा, मोहम्मद कैफ और मोहम्मद रिहान शामिल हैं.

पुलिस के अनुसार सोहैल, जिसकी उम्र 26 वर्ष है और जो फरीदाबाद के बल्लभगढ़ का रहने वाला है, पाकिस्तान स्थित हैंडलर शाहजाद भट्टी के संपर्क में था. वह एन्क्रिप्टेड एप्स के जरिए निर्देश लेकर दिल्ली और फरीदाबाद में ढक्कने समर्थन में ग्राफिटी बनाता था और उसके वीडियो भेजता था. इसके बदले उसे पांच हजार रुपये दिए जाने की बात सामने आई है. पुलिस का यह भी कहना है कि वह पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है. दूसरे आरोपी सोनू मीणा की उम्र 30 वर्ष है और वह दिल्ली के छिटोरनी क्षेत्र का निवासी है. उसके कब्जे से तीन पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. जांच में पता चला है कि वह हथियारों की व्यवस्था करने और मॉड्यूल के अन्य सदस्यों को आर्थिक मदद पहुंचाने में भूमिका निभा रहा था. उसने सोहैल को भी पांच हजार रुपये ट्रांसफर किए थे. तीसरा आरोपी सचिन कुमार मीणा, उम्र 20 वर्ष, राजस्थान के दौसा जिले का रहने वाला है. वह सोनू मीणा का सहयोगी बताया गया है और उसके पास से दो पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं. चौथा आरोपी मोहम्मद कैफ, उम्र 21 वर्ष, हरियाणा के नूंह से गिरफ्तार हुआ है. पुलिस के अनुसार वह पाकिस्तान आधारित नेटवर्क के संपर्क में था और उसे पुलिस स्टेशनों की रेकी, पुलिस कर्मियों पर हमले तथा युवाओं की भर्ती जैसे निर्देश दिए जा रहे थे. पांचवां आरोपी मोहम्मद रिहान, उम्र 20 वर्ष, उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला है. पुलिस जांच के अनुसार वह एबिद जट्ट और मोहसिन जैसे पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था. उसने मेरठ में उनके पोस्टर लगाए और पुलिस कर्मियों पर हमले की योजना में शामिल था. उसे इस काम के लिए तीन लाख रुपये का लालच दिए जाने की बात भी सामने आई है.

स्पेशल सेल के अनुसार इस नेटवर्क का मकसद केवल आतंक फैलाना ही नहीं था, बल्कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को निशाना बनाकर एक संगठित दहशत का माहौल तैयार करना भी था. जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी एन्क्रिप्टेड माध्यमों से लगातार संपर्क में थे और सोशल मीडिया तथा पोस्टर के जरिए प्रचार अभियान चला रहे थे. इससे पहले इसी मॉड्यूल से जुड़े तीन अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें सोयब, अनमोल राय उर्फ अनु और रवि कश्यप शामिल हैं. पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी भी हथियारों और धमकी भरे वीडियो के जरिए पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की साजिश में शामिल थे.

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के समर्थन से संचालित एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंक-आपराधिक नेटवर्क का भंडाफोड़ कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था. जांच में सामने आया कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर से आतंकवादी बने शाहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर के इशारों पर काम कर रहा था. गिरोह का नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक फैला हुआ था और इसका इस्तेमाल अवैध हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के साथ-साथ संभावित आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा था.

## भारत और थाईलैंड रक्षा क्षमता विकास में सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमत

### दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किए



**नई दिल्ली:** थाईलैंड के बैंकॉक में हुए 10वें रक्षा सम्मेलन में भारत के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई. दोनों देशों ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

थाईलैंड के रक्षा उप स्थायी सचिव एडमिरल नट्टापोल डिएवबानिच और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव सत्यजीत मोहंती की सह-अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकसित हो रहे सुरक्षा परिवेश पर चर्चा के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को मजबूत करने के महत्व को दोहराया.

प्रतिनिधिमंडलों ने पिछली वार्ता के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की. चर्चा में वर्तमान में जारी सैन्य समन्वय, क्षमता निर्माण पहल, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, समुद्री सहयोग और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों को शामिल किया गया. इस संवाद में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा उद्योग सहयोग की भी समीक्षा की गई. दोनों पक्षों ने अपने-अपने रक्षा तंत्रों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार और क्षमता विकास में सहयोग को और गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की.

प्रतिनिधिमंडलों ने दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के नेतृत्व वाले तंत्रों सहित क्षेत्रीय और बहुपक्षीय रक्षा ढांचों के अंतर्गत सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया. उन्होंने व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करने और संवाद एवं सहयोग के माध्यम से साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की. बैठक का समापन भविष्य की गतिविधियों और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के साथ हुआ.

## चेन्नई एयरपोर्ट पर करीब 5 करोड़ रुपये की क्रिस्टल मेथ बरामद, तस्कर पार्सल छोड़कर फरार




**चेन्नई :** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग लगभग पांच करोड़ मूल्य की मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ) की खेप जब्त की है. यह मादक पदार्थ एक लावारिस पार्सल से बरामद किया गया, जिसे विदेश भेजे जाने की योजना थी. घटना के बाद पार्सल छोड़कर फरार हुए लोगों की तलाश तेज कर दी गई है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार, हवाई अड्डे पर नियमित जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों को एक संदिग्ध लावारिस पार्सल मिला. संदेह होने पर जब उसकी गहन जांच की गई, तो उसमें बड़ी मात्रा में क्रिस्टल मेथ छिपी हुई पाई गई. इसके बाद नारकोटिक्स कंट्रोल और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ को अपने कब्जे में ले लिया और विस्तृत जांच शुरू कर दी.

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह खेप कार्गो विमान के माध्यम से मलेशिया भेजी जानी थी. मामले के खुलासे के बाद हवाई अड्डे पर यात्रियों और कार्गो सामान की जांच को और सख्त कर दिया गया है.

अधिकारियों को आशंका है कि जांच की बढ़ती सख्ती के कारण तस्कर पार्सल छोड़कर मौके से फरार हो गए. घटना के बाद हवाई अड्डे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों के यात्रा विवरण और अन्य दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है.

कस्टम विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तस्करी नेटवर्क की पहचान करने के लिए व्यापक जांच अभियान शुरू किया है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है.

## 'हम इंस्टाग्राम पर सबसे मशहूर कपल'

### जी7 समिट में पीएम मोदी से मिलकर बोलीं मेलोनी



**एवियन (फ्रांस):** हॉट माइक (ओपन माइक्रोफोन) पर कैद हुए एक वायरल पल में, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को जी7 समिट के दौरान पीएम मोदी के साथ मजाक करते हुए सुना गया. मेलोनी ने समिट में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, हम इंस्टाग्राम पर सबसे मशहूर कपल हैं...

दोनों नेता अपनी आधिकारिक दौरे के दौरान अपनी साफ दोस्ती के लिए जाने जाते हैं. इससे पहले, इटली दौरे के दौरान, पीएम मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफियों का एक पैकेट गिफ्ट किया था - जो 'मेलोडी' से मिलता-जुलता है. यह पल तुरंत वायरल हो गया, और रील को लाखों व्यूज मिले. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में दोनों देशों के बीच संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया.

इससे पहले, यूरोन्यूज ने एक क्लिप शेयर की थी जिसमें मेलोनी ने अपने साथी जी7 नेताओं को बताया था कि उन्होंने एक महीने पहले स्मोकिंग छोड़ दी थी.

## मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में पेश होगा यूसीसी विधेयक : मोहन यादव



**भोपाल:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रस्ताव लाया जाएगा. उन्होंने विश्वास जताया कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह विधेयक इसी सत्र में पारित हो जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा के आगामी सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों को लेकर आ रही है. उन्होंने कहा कि देश में एक समान कानून लागू करने की भावना में कुछ भी गलत नहीं है और यह समाज में समानता लाने का प्रयास है. उत्तराखंड, गुजरात और असम जैसे राज्यों में यूसीसी लागू किया जा चुका है. मध्य प्रदेश भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. समान नागरिक संहिता को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा. इसमें जनजातीय समुदाय अलग रहेगा. कमेटी राय ले रही है. उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल ने चाहा तो विधानसभा के इसी सत्र में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होगा और मध्य प्रदेश भी जल्द ही इस कानून को लागू करने वाला राज्य बन जाएगा.

मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है. यह पांच दिवसीय सत्र 24 जुलाई तक चलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश में समान नागरिक संहिता की व्यवहारिकता जांचने और इसका मसौदा तैयार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है. इस समिति में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, कानूनी विशेषज्ञ अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धपाल सिंह को शामिल किया गया है.

## न्यूज कॉर्नर

### पूर्वी प्रशांत महासागर में संदिग्ध तस्करों की नौका पर अमेरिकी सेना के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**वाशिंगटन:** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों की तस्करी में कथित रूप से शामिल एक नौका पर हमला किया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन लातिन अमेरिका में कथित मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कई महीनों से अभियान चला रहा है. इस ताजा हमले के बाद अमेरिकी सेना द्वारा नौकाओं पर किए गए हमलों में मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर कम से कम 208 हो गई है. ट्रंप प्रशासन पिछले साल सितंबर से लगातार इस तरह की कार्रवाई कर रहा है. पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरेबियाई सागर में किए गए हमलों के संबंध में जारी सेना के अधिकांश बयानों की तरह अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि उसने तस्करी के ज्ञात मार्गों पर संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को निशाना बनाया. हालांकि, सेना ने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया कि उक्त नौका से मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी. वहीं, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में नौका आग की लपटों में घिरी नजर आ रही है.

### पिनाराई की बेटी वीणा मंथली पेमेंट केस में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुईं

**कोच्चि:** विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन की बेटी वीणा टी, मंथली पेमेंट केस के सिलसिले में पूछताछ के लिए कोच्चि में एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ऑफिस में पेश हुईं. अपने पति और पूर्व मंत्री पी ए मोहम्मद रियास के साथ वह सुबह करीब 10:30 बजे कड़ी सुरक्षा वाले एजेंसी ऑफिस पहुंचीं. यह केंद्रीय एजेंसी द्वारा जारी किया गया दूसरा नोटिस है जिसमें वीना को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. जब एक सप्ताह पहले शुरुआती समन भेजा गया था, तो उन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए दो सप्ताह की मोहलत मांगी थी. हालाँकि, जांच टीम ने केवल पांच दिन की मोहलत दी और उन्हें बुधवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का सख्त आदेश दिया. पुलिस ने वीणा के कार्यालय में आसानी से प्रवेश की सुविधा के लिए एक विशेष सुरक्षा गलियारे की व्यवस्था की थी. ईडी छापे के पिछले उदाहरणों से बिल्कुल अलग, कार्यालय के आसपास मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता या नेता मौजूद नहीं था.

### बेंगलुरु में सह-जीवन साथी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु:** बेंगलुरु में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी सह-जीवन साथी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच तीखी बहस हुई थी. पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान अनुषा (20) के रूप में हुई. अधिकारियों ने बताया कि अनुषा और उसका सह-जीवन साथी शरथ हासन जिले के सकलेशपुर के रहने वाले थे. अधिकारियों ने बताया कि शरथ बेंगलुरु में पानी का टैंकर चालक है. पुलिस के अनुसार, दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' के माध्यम से हुई थी और उसके बाद वे पिछले छह महीनों से बेंगलुरु के मल्लेश्वरम इलाके में किराए के एक मकान में साथ रह रहे थे. पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात दोनों के बीच व्यक्तिगत और पारिवारिक मुद्दों को लेकर तीखी कहासुनी हुई थी. पुलिस ने बताया कि इसी दौरान शरथ ने अनुषा का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. हालांकि, पुलिस को मामले की सूचना सोमवार को मिली, जिसके बाद शेषाद्रिपुरम पुलिस थाने की एक टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया.

## मैसूर के अस्पताल में 11 मरीजों की मौत, लापरवाही का आरोप, मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने दी सफाई



**मैसूर (कर्नाटक):** शहर के एक अस्पातल में 24 घंटे में 11 मरीजों की मौत के बाद डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगे हैं. मामला मैसूर शहर के मेटागहल्ली स्थित जयदेव अस्पताल का है. 24 घंटे में 11 मरीजों की मौत के संबंध में एक वीडियो प्रसारित होने के बाद अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सदानंद ने स्पष्टीकरण दिया और आरोपों को खारिज कर दिया. मैसूर के जयदेवा अस्पताल में मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक भर्ती 11 लोगों की मौत के बारे में मरीजों के रिश्तेदारों ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया था. वीडियो में उन्होंने डॉक्टरों और हॉस्पिटल की व्यवस्था ठीक न होने का आरोप लगाया था. कुछ घंटों में यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया.

बाद में अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सदानंद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, अस्पताल में कोई लापरवाही या डॉक्टरों की कमी नहीं थी. हमारा अस्पताल एक टर्शियरी केयर रेफरल हॉस्पिटल है और मैसूर समेत आस-पास के पांच जिलों से दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को यहां भर्ती किया जाता है. आम मामलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में किया जाता है. सिर्फ जानलेवा स्थिति वाले मरीजों को ही हमारे हॉस्पिटल में रेफर किया जाता है.

उन्होंने माना कि मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधावर सुबह 8 बजे के बीच 11 लोगों की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि हालांकि यह संख्या सामान्य से ज्यादा है, लेकिन मरने वालों में से ज्यादातर लोग गंभीर हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर और उम्र से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे. कुछ की हालत बहुत गंभीर थी जब उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया.

अस्पताल के आंकड़ों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 2025 में कुल 21,500 मरीज भर्ती हुए थे, जिनमें से 1,845 मौतें हुईं. अस्पताल में मरीजों की मृत्यु दर 5.7 प्रतिशत है. पिछले कई वर्षों से औसत मृत्यु दर 6 से 8 प्रतिशत है, जो टर्शियरी रेफरल हॉस्पिटल के लिए इंटरनेशनल लेवल पर स्वीकार्य दर है.

डॉ. सदानंद ने इस आरोप को गलत बताया कि अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था. उन्होंने कहा कि जो डॉक्टर मंगलवार को 24 घंटे ड्यूटी पर था, वह अस्पताल में ही रहा. इसके अलावा, दो ट्रेनी डॉक्टरों समेत कुल तीन डॉक्टर पूरी रात ड्यूटी पर थे.

## राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर हमला बोले- युवाओं के सपनों से हो रहा खिलवाड़



**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि देश के हर युवा का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण करोड़ों युवाओं के सपने टूट रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक, परीक्षा प्रबंधन में खामियां, भर्तियों का रद्द होना, बढ़ती फीस, निजीकरण और विभिन्न घोटालों ने युवाओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं. उनका आरोप है कि इन समस्याओं के कारण लाखों छात्र और नौकरी की तैयारी कर रहे युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं.

## बारामूला में टेरर फंडिंग पर एनआईए का बड़ा एक्शन

### आतंकवाद के आरोपी की संपत्ति कुर्क



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दो भूखंड कुर्क किए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने कहा कि कनिसपोरा में 7.5 मरला (2,050 वर्ग फुट) और छह मरला (1,632 वर्ग फुट) के भूखंड शाहीन अहमद लोन के हैं, जो 2020 में एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले में आरोपी हैं.

अधिकारियों के अनुसार, यह कुर्की कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 33(1) के तहत जम्मू स्थित एनआईए की विशेष अदालत द्वारा जारी आदेश के आधार पर की गई. प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन और पाकिस्तान की सरकारी एजेंसियों की कथित संलिप्तता वाली गहरी साजिश की जांच की जा रही है और यह कुर्की इसी जांच का एक हिस्सा है.

एनआईए के अनुसार, यह साजिश भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और उन्हें समर्थन देने के उद्देश्य से रची गई थी.

## गुजरात के वडोदरा में बस-ट्रक की टक्कर, सात की मौत, 26 घायल



**वडोदरा:** गुजरात के वडोदरा शहर स्थित कोटंबी स्टेडियम के पास बुधवार तड़के करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया. राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई. हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 यात्री घायल हैं. सभी घायलों को वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

हादसे के बाद बस में कई यात्री फंस गए थे. सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), वडोदरा फायर विभाग, पुलिस तथा अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया.

एनडीआरएफ की 6वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4:40 बजे कंट्रोल रूम से बस और ट्रक की टक्कर की सूचना मिली थी. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई. घटनास्थल पर पहुंचने के बाद कटर मशीन और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया तथा बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला.

## ईरान समझौते की कोशिशों के बीच ट्रंप और नेतन्याहू के रिश्तों में उभरा तनाव



**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच लंबे समय से चले आ रहे करीबी संबंध अब परीक्षा के दौर से गुजरते दिख रहे हैं. ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को अंतिम रूप देने की ट्रंप की कोशिशों के बीच उन्होंने नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है. पिछले वर्ष नेतन्याहू ने ट्रंप को 'व्हाइट हाउस में इजराइल का सबसे बड़ा मित्र बताया था. हालांकि अब ट्रंप ने नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाते हुए तीखी टिप्पणियां की हैं. उन्होंने यहां तक कहा कि मेरे बिना इजराइल नहीं होता. नेतन्याहू चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर सभी प्रशासन के साथ उनके मतभेद रहे हैं. हालांकि किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना उतनी खुलकर नहीं की, जितनी ट्रंप ने की है. यह तनाव ऐसे समय सामने आया है जब ट्रंप लेबनान में इजराइली हमलों को लेकर नाराजगी जता रहे हैं. उनका मानना है कि इन हमलों से वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रही वार्ताओं पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है. अमेरिका ईरान के साथ समझौते को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जबकि देश के भीतर युद्ध को लेकर राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है और ईंधन की कीमतों में वृद्धि भी चिंता का विषय बनी हुई है.

पश्चिम एशिया मामलों के विशेषज्ञ एवं विभिन्न अमेरिकी प्रशासन के सलाहकार रह चुके आरोन डेविड मिलर ने कहा कि यदि नेतन्याहू ट्रंप की किसी महत्वपूर्ण प्राथमिकता के आड़े आते हैं, विशेष रूप से युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में, तो ट्रंप अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं.

मुख्यमंत्री ने 'बिहार में सुशासन' के संकल्प को फिर से दोहराया, कहा–

# यूपी में योगी बाबा, बंगाल में शुभेंदु दादा और बिहार में सम्राट चौधरी बैठा है

**पटना:** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'बिहार में सुशासन' के संकल्प को फिर से दोहराया है. उन्होंने साफ कर दिया कि अपराधियों के लिए यहां कोई जगह नहीं है. सीएम ने कहा कि अब तो अपराधियों को नेपाल ही भागना होगा, क्योंकि यूपी में योगी बाबा और बंगाल में शुभेंदु दादा बैठे हैं, जबकि बिहार में खुद सम्राट चौधरी हैं. फुलवारीशरीफ के ग्राम-नदियावां में प्रखण्ड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है. आज अगर कोई अपराध करता है तो वह सलाखों के पीछे होता है.

सीएम ने कहा कि मेरी सरकार में किसी माई के लाल में इतनी कूबत नहीं है कि वह कानून के साथ खिलवाड़ करे. सम्राट चौधरी ने कहा कि अब तो अपराधियों को नेपाल में ही जाकर शरण लेना होगा, क्योंकि बिहार के साथ-साथ पास के राज्यों में भी उनके लिए जगह नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी बाबा हैं, बंगाल में शुभेंदु दादा हैं और यहां सम्राट चौधरी बैठा है.



इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा पर बोलते हुए कहा कि वह बिहार की महिलाओं को आश्वस्त करना चाहते हैं कि आपकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपके भाई सम्राट चौधरी की है. उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. सुशासन को कायम रखने के लिए भी जरूरी फैसले होंगे, हमारी सरकार जरूर लेगी.

सम्राट चौधरी ने भोजपुर एनकाउंटर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें एक युवक पुलिसकर्मियों पर पिस्टल ताने खड़ा था. हालांकि हमारी पुलिस ने उसको गोली मारकर पकड़ लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया है. उसके दोनों पैरों में गोली लगी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक मानसिक रूप से परेशान है.

# बिहार पुलिस के एनकाउंटर में घायल भरत भूषण तिवारी की मौत

### इलाज के दौरान पीएमसीएच में तोड़ा दम

**भोजपुर:** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में बुधवार की सुबह पुलिस और हथियारबंद युवक के बीच हुई मुठभेड़ में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था. बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और दो खोखा बरामद किया था. भोजपुर एसपी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बुधवार सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि बिलौटी गांव निवासी काशीनाथ तिवारी का पुत्र भरत भूषण तिवारी हाथ में पिस्टल लेकर हवा में फायरिंग कर रहा है. सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए शाहपुर पुलिस और भोजपुर एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची.

मौके पर पहुंची पुलिस के टीम ने युवक को लगातार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन युवक नहीं माना और पुलिस पर रुक-रुक कर फायरिंग करता रहा. इससे पुलिसकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों की जान-माल को खतरा उत्पन्न हो गया. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसटीएफ के जवानों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर क्लोज कॉर्डनिंग की. इसी दौरान युवक ने पुलिस टीम को निशाना बनाकर गोली चलाई. आत्मरक्षा एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें युवक के पैर में गोली लग गई.



घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान पटना स्थित पीएमसीएच में उसकी मौत हो गई. पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है.

शाहपुर थानाक्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी आरोपी भरत भूषण तिवारी ने सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट कर जगदीशपुर एसडीएम को एनकाउंटर की धमकी दी थी. इसी मामले को लेकर पुलिस उसे पकड़ने गई थी, लेकिन वह दारोगा पर 20 मिनट तक पिस्तौल ताने रहा और चालाकी करने पर पुलिसकर्मियों को गोली मारने की धमकी भी दी.

## प्रिंस कुमार यादव मौत मामला : नेपाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्ट, विसरा रिपोर्ट का इंतजार

**अररियाः** नेपाल के विराटनगर स्थित शुभ होटल में प्रिंस कुमार यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले की जांच में नया मोड़ सामने आया है. मोरंग जिला पुलिस को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संतुष्टि नहीं हुई है, जिसके बाद अब पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए विसरा रिपोर्ट का इंतजार शुरू कर दिया है. साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल विशेषज्ञों की राय लेने और मेडिकल बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है.

मोरंग जिला पुलिस के प्रवक्ता एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मर्केंद्र कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगलवार को पुलिस को मिल चुकी है, लेकिन इसमें मौत के कारणों को स्पष्ट रूप से हत्या के रूप में प्रमाणित नहीं किया गया है. इसी वजह से अब पुलिस ने विसरा रिपोर्ट को जांच में निर्णायक माना है. उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मेडिकल सलाह लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संबंधित स्तर पर मेडिकल बोर्ड गठन के लिए पत्राचार भी किया गया है.



हाई-प्रोफाइल इस मामले में पुलिस ने जांच को और सख्त करते हुए कई पहलुओं पर काम तेज कर दिया है. घटना के बाद होटल में प्रिंस यादव के साथ ठहरे चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सहरसा निवासी अंकित कुमार यादव (25), रोशन कुमार यादव (27), लाटू यादव (21) और जयराम यादव (30) शामिल हैं. इसके अलावा एक नेपाली नागरिक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है.

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सभी आरोपितों की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है. पुलिस के अनुसार मामले से जुड़े अतिरिक्त साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और हर संभावित पहलू से जांच की जा रही है. नेपाल-भारत सीमा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इस केस की जांच अत्यंत गंभीरता और सूक्ष्मता से की जा रही है.

उल्लेखनीय है कि 2 जून को पटना में ज्ञान बिंदु कोचिंग और फैसल खान के खान ग्लोबल स्टडीज से जुड़े लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद तोड़फोड़, आगजनी और गोलीबारी जैसी घटनाएं हुई थीं. इसी विवाद के बाद कई लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे.

इसी क्रम में प्रिंस कुमार यादव और उनके साथी गिरफ्तारी के डर से नेपाल भाग गए थे और विराटनगर-10 स्थित शुभ होटल में कई दिनों से ठहरे हुए थे. इसी दौरान बीते शनिवार की रात उनकी होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी. बाद में उन्हें न्यूरो अस्पताल ले जाया गया, जहां के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## रिश्वत लेते सोशल मीडिया में वीडियो वायरल, तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**बस्तीः** भ्रष्टाचार के खिलाफ बस्ती पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है. सोशल मीडिया पर घूस लेते वायरल हुए वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बुधवार को परशुरामपुर थाने में तैनात एक दीवान सहित दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया. एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें पुलिसकर्मी कथित तौर पर रिश्वत लेते दिखाई दे रहे थे. वीडियो सामने आने के बाद एसपी ने तत्काल जांच कराई और प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना परसरामपुर में नियुक्त मुख्य आरक्षी जगत नरायन यादव, आरक्षी आनन्द यादव, आरक्षी बृजभूषण सिंह के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई. पुलिस कप्तान ने बताया कि थाना परशुरामपुर में नियुक्त पुलिस कर्मियों का कार्य एवं आचरण जनता में अच्छा नही है, इनके कार्य से जनता के व्यक्तियों द्वारा निरन्तर शिकायतें मिल रही थी.

## अखिलेश ने सपा में विभाजन संबंधी राजभर के दावे को खारिज किया, कहा– पार्टी मजबूत है

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें सपा में जल्द ही विभाजन होने की बात कही गई है. अखिलेश ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूत बनी हुई है और आरोप लगाया कि भाजपा का प्रलोभन और दबाव के माध्यम से दलों को तोड़ने का इतिहास रहा है. सपा के भीतर संभावित असंतोष की खबरों पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए यादव ने कहा कि भाजपा पहले भी कई राजनीतिक दलों को तोड़ने में सफल रही है, जिसमें विधायकों और नेताओं को समाजवादी पार्टी से दूर करना भी शामिल है. उन्होंने कहा, अगर आप उत्तर प्रदेश को देखें, तो कई सपा विधायकों, विधानपरिषद सदस्यों और यहां तक कि राज्यसभा सदस्यों को भी छीन लिया गया. इसके पीछे कोई स्वार्थ, कोई लालच या कोई डर रहा होगा. जो लोग डर जाते हैं, वे अपनी पार्टी छोड़ देते हैं.



यादव की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के उस दावे के कुछ घंटों बाद आई है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सपा में एक बड़ी विभाजन की संभावना है और पार्टी के कई नेता भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं. बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में राजभर ने आरोप लगाया कि सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र सौंपा था, हालांकि उन्होंने कथित पत्र का विवरण नहीं दिया. उन्होंने यह भी दावा किया कि कथित पिछले 'घोटालों' की जांच के दबाव ने सपा को चिंतित कर दिया है और उसके कई नेता निष्ठा बदलकर भाजपा में जाने के लिए तैयार हैं.

यादव ने राजभर के दावों को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी एक मजबूत पार्टी के रूप में बरकरार है और इसने पिछले कुछ वर्षों में कई चुनौतियां और उतार-चढ़ाव देखे हैं. यादव ने कहा कि भाजपा का मुकाबला करने के इच्छुक राजनीतिक कार्यकर्ताओं को साहस और दृढ़ विश्वास की जरूरत है.

## नालंदा में मज़दूरों से भरी बस हाईटेंशन तार के संपर्क में आई, पति–पत्नी की मौत

**नालंदा/बिहारशरीफः** नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मजदूरों से भरी एक बस में करंट फैल गया. हादसे में एक दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री झुलस गए. पुलिस के अनुसार, 'गौरव' नामक दो मंजिला बस मजदूरों को लेकर वेणियां जिले से नालंदा जिले के घोसरामा गांव जा रही थी. इसी दौरान पावापुरी स्थित शंभुशरण मंदिर के समीप बस अचानक 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आ गई. करंट प्रवाहित होने से बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई. ग्रामीणों के अनुसार, बस में सवार लगभग 35 से 40 मजदूर करंट की चपेट में आकर झुलस गए. हादसे में राजेंद्र मांझी के पुत्र रूद्र मांझी और उनकी पत्नी कालों देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

## सम्राट कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना:** बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक हुई. जहां कुल 29 एजेंडों को मंत्रिपरिषद ने अपनी मंजूरी दे दी है. अपर मुख्य सचिव कैबिनेट अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य में पर्यटक स्थलों के यातायात को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं और एयर टूरिज्म सेवा योजना 2026 की स्वीकृति प्रदान की है. इस योजना के प्रथम चरण में बाल्मीकि नगर मां मुंडेश्वरी मंदिर राजगीर को शामिल किया गया है. इस योजना के अंतर्गत बाल्मीकि नगर हेतु राजकीय बालियान एवं कैमूर एवं राजगढ़ हेतु किराए पर 6 + 2 सीटर के हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जाएगा. बिहार के पर्यटक का हेलीकॉप्टर के जरिए पर्यटन स्थलों का दौरा कर पाएंगे. योजना के अंतर्गत पटना शहर के स्काईलाइन का हवाई दृश्य का अवलोकन करने के लिए प्रत्येक शनिवार और रविवार को हेलीकॉप्टर संचालन किये जाने को मंजूरी मिली है. मात्र 2100 प्रति टिकट दर निर्धारित किया गया है. बिहार में आकर लोग मात्रा 2100 में हेलीकॉप्टर की यात्रा कर सकेंगे. आज की बैठक में सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा वित्तीय सहायता योजना 2026 की मंजूरी दी गई. योजना के तहत राज्य के निवासियों को पर्यटक की और धार्मिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा के लिए प्रति यात्री 20000 अनुदान के रूप में देने का निर्णय लिया गया है.

## सोशल मीडिया रील विवाद में हुआ खूनी खेल

### सीतामढ़ी में मुखिया की पत्नी हत्याकांड में 16 घंटे के अंदर खुलासा

**सीतामढ़ी :** बिहार के सीतामढ़ी जिले के सहियारा थाना क्षेत्र के हनुमान नगर गांव में हुई महिला मंतोरिया देवी की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 16 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सिकंदर महतो और उसके सहयोगी प्रभास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. मामले का खुलासा करते हुए सदर एसडीपीओ-1 राजीव कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के पीछे सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने को लेकर चल रहा विवाद मुख्य कारण बनकर सामने आया है.

इस बात का सिकंदर महतो लगातार विरोध कर रहा था. उसने अपनी पत्नी और सत्येंद्र दोनों को वीडियो बनाने से मना भी किया था, लेकिन विवाद समाप्त नहीं हुआ. एसडीपीओ ने बताया कि इसी बात को लेकर सिकंदर महतो के मन में गहरी नाराजगी और बदले की भावना पैदा हो गई. वह सत्येंद्र महतो को सबक सिखाना चाहता था. इसी उद्देश्य से उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक साजिश रची. योजना सत्येंद्र को निशाना बनाने की थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि अपराधियों ने उसकी मां मंतोरिया देवी को ही गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.



घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल था. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम का गठन किया और तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की.

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है. इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है.

## पत्नी की मौत की खबर पाकर पश्चिम बंगाल में तैनात फौजी पति ने की आत्महत्या

**उन्नावः** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दांदामऊ में मंगलवार की रात एक महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. पत्नी की मौत की सूचना पाकर पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में सेना के एएमसी कोर में तैनात फ़ौजी पति ने भी अपनी जान दे दी. बीघापुर क्षेत्र के गांव दादामऊ निवासी शैलेंद्र पांडेय (40) पश्चिम बंगाल के कोलकाता के पानागढ़ में सेना में एएमसी कोर में तैनात हैं. वहीं पर पत्नी साधना पांडेय (35) व 9 वर्षीय पुत्री सान्वी व 5 वर्षीय पुत्र यथार्थ भी उनके साथ रहते हैं. सैन्य कर्मी शैलेन्द्र एक माह पहले अवकाश पर आया था और यहां पत्नी के साथ ससुराल कानपुर में रहकर मकान बनवा रहा था. 5 दिन पहले सैन्य कर्मी शैलेंद्र परिवार के साथ बीघापुर गांव पहुंचे.

## मधुबनी में माता के प्राचीन मंदिर में बड़ी चोरी

### चांदी का मुकुट, आंख समेत कीमती सामान ले उड़े चोर

**मधुबनी:** अज्ञात चोरों ने एक बार फिर माता के मंदिर को निशाना बनाया है. घटना मधुबनी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां परमेश्वरी स्थान और काली मंदिर ठाढी गांव की है. मिली जानकारी के अनुसार 16 जून, 2026 मंगलवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर माता की चांदी का मुकुट, आंख समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए हैं. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है.

इस घटना के बाद स्थानीय अंधराठाढ़ी थाना पुलिस पर सवाल खड़े कर रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल की है.पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.



बताया जा रहा है कि मां परमेश्वरी का यह मंदिर काफी प्राचीन है और क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक स्थल माना जाता है.

## युवक का सिर मुंडवाकर पोती कालिख,प्राथमिकी दर्ज

**नवादाः** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सुदनपुर गांव में एक युवक के साथ बुधवार को अमानवीय व्यवहार किया गयाहै. आरोप है कि युवक का सिर मुंडवाया, चेहरे पर कालिख पोती, थूक चटाया और गांव में घुमाते हुए मारपीट की. मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है. पीड़ित सुदनपुर निवासी मो. नईम के पुत्र शहनवाज ने पकरीबरावां थाना में दिए आवेदन में बताया है कि वह अपने घर में सोया हुआ था. इस दौरान करीब 30 की संख्या में लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे. हो- हल्ला करने एवं आस पास के लोगों के विरोध करने पर जबरन पकड़कर गांव के मरहूम इजहार के घर ले गए. वहां लोगों ने जबरन वीडियो बनाया और दबाव बनाया कि एक लाख रुपए दो नहीं तो चोरी के आरोप में फंसा देंगे. नहीं कबूल करने पर सिर मुंडवा दिया गया, चेहरे पर कालिख पोती गई और थूक चटाया गया. आरोप लगाया है कि मारपीट करते हुए गांव घुमाया. इस मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर 14 नामजद एवं 20-25 अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है. इधर, पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या 242/26 दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच की जा रही है. घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है. आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है.

# 'एक देश, एक चुनाव', 'स्वदेशी' और नागरिक कर्तव्य विकसित भारत के आधारस्तंभ : शिवराज

**पटनाः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा राजधानी पटना में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं. उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है. सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि लोग उन्हें मंत्री या बड़ा नेता कहते हैं, लेकिन वे स्वयं को हमेशा कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता मानते हैं और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है.



अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पुनर्जागरण और विश्वगुरु बनने का जो सपना उन्होंने देखा था, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होता दिखाई दे रहा है. उन्होंने कहा कि आज भारत वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भारत को भ्रष्टाचार और घोटालों के नजरिए से देखती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश की छवि को पूरी तरह बदल दिया. आज भारत निवेश, नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व के लिए पहचाना जाता है. उन्होंने कहा कि वे पिछले 35 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के साथ कार्य कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा उन्हें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला नेता पाया है. राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी. भारत की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीब कल्याण है. करोड़ों परिवारों को पक्के मकान, शौचालय, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है. बिहार में भी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उल्लेखनीय प्रयास हुए हैं.

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है. वंदे भारत ट्रेनों, अटल टनल, आधुनिक सड़कों, डिजिटल इंडिया और ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों ने भारत की नई पहचान बनाई है. कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि अनेक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर मानवता की सेवा का उदाहरण भी प्रस्तुत किया.

## बदायूं में हाईवे पर ट्रैक्टरों ने ई रिक्शा सवारों को रौंदा, छह महिलाओं की मौत व तीन घायल

**बदायूं :** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर को हाइवे पर रेस लगा रहे ट्रैक्टरों ने एक ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे में ई रिक्शा सवार छह महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं. घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और एसएसपी अंकिता शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली. डीएम ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए है. ट्रैक्टर चालकों को पकड़ लिया गया है. जिलाधिकारी राय ने बताया कि पुलिस की जांच में यह पता चला है कि कछला और उझानी के बीच फूलपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे. इसी बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टरों ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. हादसे में ई-रिक्शा पर सवार महिलाएं व अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां छह महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया. मरने वाली महिलाओं की पहचान कछला की मुरावन मोहल्ला निवासी राजकुमारी (55), गंगाश्री व रेवती (80), प्रेम देवी (45) नारायणी देवी (32) और आरती के रूप में हुई है. हादसे में रिक्शा चालक सनी (32), डाल सिंह (58) समेत तीन लोग घायल हुए हैं. घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. ग्रामीणों के अनुसार मोहल्ला मुरावन नगला निवासी डाल सिंह के बेटे कुंवर पाल की शादी 29 जून को होनी है.




# एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया



**न्यूयॉर्क:** दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की. ग्रुप-आई मुकाबले में फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया, जिसमें स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. पहले हाफ में सेनेगल ने फ्रांस को कड़ी चुनौती दी और कई मौके भी बनाए, लेकिन गोल करने में नाकाम रही. फ्रांस की टीम भी शुरुआती 45 मिनट में संघर्ष करती नजर आई. दूसरे हाफ में कोच दिदिए देशां की रणनीति काम आई. माइकल ओलीसे को दाएं विंग से बीच में लाने के बाद फ्रांस के आक्रमण में तेजी आई. इसका फायदा 66वें मिनट में मिला जब ओलीसे के शानदार पास पर एम्बाप्पे ने बॉक्स में दौड़ लगाते हुए गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी. इसके बाद फ्रांस ने दबाव बनाए रखा और मैच के अंतिम चरण में ब्रैडली बारकोला ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया. हालांकि अतिरिक्त समय में सेनेगल के लिए इब्राहिम एमबाये ने एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया, लेकिन फ्रांस की बढ़त ज्यादा देर तक खतरे में नहीं रही. मैच के 96वें मिनट में एम्बाप्पे ने लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दाग दिया. इस गोल के साथ एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वकालिक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए. उनके नाम अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 58 गोल हो गए हैं. विश्व कप इतिहास में भी एम्बाप्पे ने नया मुकाम हासिल किया. उनके विश्व कप गोलों की संख्या 14 हो गई है और अब वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज़े (16 गोल) से सिर्फ दो गोल पीछे हैं. एम्बाप्पे ने इस सूची में पेले, लियोनेल मेसी और जस्ट फोंटेन को पीछे छोड़ दिया है. फ्रांस अब अपने अगले मुकाबले में इराक से भिड़ेगा, जबकि उसके बाद उसका सामना एरलिंग हालांड की टीम नॉर्वे से होगा. वहीं सेनेगल को नॉकआउट दौर की उम्मीद बनाए रखने के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा.

## विश्व कप में पहली हैट्रिक के साथ क्लोसे के बराबर पहुंचे मेस्सी, अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 हराया



**कंसास सिटी:** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप में पहली हैट्रिक लगाने के साथ मिरोस्लाव क्लोसे के सर्वाधिक 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली जिसके दम पर गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने ग्रुप चरण के पहले मैच में अल्जीरिया को 3-0 से हरा दिया. अब मेस्सी के 16 विश्व कप गोल हो गए हैं जिससे वह जर्मनी के क्लोसे के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बराबरी पर आ गए हैं. इंटर मियामी के अपने साथी रौद्रिगो डि पॉल के पास के दम पर मेस्सी ने शुरूआती मिनटों में पहला गोल दागा. दूसरा गोल दूसरे हाफ की शुरूआत में किया और तीसरा आखिरी मिनटों में दागा जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया. अर्जेंटीना के लिये सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ विश्व कप में पदार्पण के 20 साल बाद मेस्सी ने यह गोल दागा है. उन्होंने तब अपने पहले विश्व कप मैच में भी गोल किया था. टूर्नामेंट से पहले ही लग रहा था कि वह क्लोसे का रिकॉर्ड तोड़ देंगे लेकिन पहले ही मैच में तीन गोल करके उन्होंने इसकी बराबरी कर ली. यह उनके कैरियर की 61वीं और अर्जेंटीना के लिये खेलते हुए 11वीं हैट्रिक है. विश्व कप में लगातार पांचवें मैच में मेस्सी ने गोल दागा है. अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने जीत के बाद कहा, ''लियो के बारे में क्या कहूं, शब्द ही नहनीं है. हर फुटबॉलप्रेमी उसे खेलते देखना चाहता है और उसके खेल का आनंद लेता है.'' पिछली बार कतर में हुए विश्व कप में अर्जेंटीना को पहले मैच में सउदी अरब ने हराया था लेकिन उसके बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाकर तीसरा विश्व खिताब जीता. अगले सप्ताह 39 वर्ष के होने जा रहे आठ बार के बलोन डिओर विजेता मेस्सी के खेल को देखकर कहीं नहीं लगा कि टूर्नामेंट से पहले वह जांघ की मांसपेशी में चोट से जूझ रहे थे. उनके नाम और भी गोल हो सकते थे लेकिन एक आफ साइड हो गया और दूसरा शॉट क्रॉसबार से टकरा गया. अल्जीरिया के खिलाफ मैच मेस्सी के अंतरराष्ट्रीय कैरियर का 200वां मैच भी था. उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था. उनसे अधिक मैच सिर्फ पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और कुवैत के बादेर अल मुतावा ने खेले हैं. रोनाल्डो और मेस्सी ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पांच विश्व कप में गोल किये हैं. अब अर्जेंटीना का सामना सोमवार को आस्ट्रिया से और 27 जून को जोर्डन से होगा. वहीं अल्जीरिया सोमवार को जोर्डन से और 27 जून को आस्ट्रिया से खेलेगा.

## महिला टी20 वर्ल्ड कप: आयरलैंड को हराकर इंग्लैंड ने दर्ज की दूसरी जीत



**नयी दिल्ली :** आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में मेजबान इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड को चार विकेट से हरा दिया. पहले गेंदबाजों ने आयरलैंड को 20 ओवर में 118/9 पर रोक दिया, फिर कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और हीदर नाइट की अहम साझेदारी की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया. हालांकि जीत के बीच इंग्लैंड को अपनी कप्तान की फिटनेस को लेकर चिंता भी सताने लगी है. 119 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने शुरुआती तीन विकेट जल्दी गंवा दिए. इसके बाद नैट साइवर-ब्रंट और हीदर नाइट ने पारी संभाली और 64 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की. नैट 37 गेंदों में 48 रन बनाकर खेल रही थीं, लेकिन 16वें ओवर में उनकी पुरानी पिंडली (काफ) की चोट फिर उभर आई. इसके चलते उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा और मैच अधिकारियों ने उन्हें रिटायर्ड आउट घोषित किया. वह अपने अर्धशतक से सिर्फ दो रन दूर रह गईं. मैच के बाद नैट ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगली बार वह उन दो रनों का इंतजार जरूर करेंगी. मैच के बाद हीदर नाइट ने बताया कि नैट को उसी काफ में हल्का खिंचाव महसूस हुआ, जिसमें पहले भी चोट लगी थी. उन्होंने कहा, 'उन्हें एहतियात के तौर पर मैदान से बाहर भेजा गया. अगले कुछ दिनों में उनकी जांच होगी और उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगी.' इंग्लैंड का अगला मुकाबला 20 जून को स्कॉटलैंड से है. नैट की फिटनेस को देखते हुए इस मैच में उनका खेलना फिलहाल तय नहीं माना जा रहा है. यदि वह उपलब्ध नहीं होती हैं तो चार्ली डीन टीम की कप्तानी संभाल सकती हैं. हालांकि इंग्लैंड चाहेगा कि 24 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले तक उनकी कप्तान पूरी तरह फिट हो जाएं. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत शानदार रही. लिन्सी स्मिथ ने पहले ही ओवर में एमी हंटर को आउट किया, जबकि लॉरेन बेल ने कप्तान गैबी लुईस को गोल्डन डक पर चलता किया. आयरलैंड की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और 10वें ओवर तक 57 रन पर पांच विकेट खो चुकी थी. आखिर में लुईस लिटल ने 15 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाकर टीम को 118/9 तक पहुंचाया. इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने तीन विकेट लिए, जबकि चार्ली डीन और डेनिएल गिब्सन को दो-दो सफलताएं मिलीं. लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने पांच ओवर के भीतर दोनों ओपनरों एमी जोन्स और डैनी वायट-हॉज के विकेट गंवा दिए. एलिस कैप्सी भी सस्ते में आउट हो गईं और स्कोर 35/3 हो गया. इसके बाद नैट साइवर-ब्रंट और हीदर नाइट ने पारी संभाली. हीदर ने 23 गेंदों में 26 रन बनाए, जबकि नैट ने 48 रन की मैच जिताऊ पारी खेली. उनके रिटायर्ड आउट होने के बाद कुछ और विकेट गिरे, लेकिन चार्ली डीन और डेनिएल गिब्सन ने 18वें ओवर में इंग्लैंड को जीत दिला दी.

## भारत में फॉर्मूला-1 सही समय और मजबूत योजना के साथ लौटेगा : स्टेफानो डोमेनिकाली

**नयी दिल्ली :** फॉर्मूला-1 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष स्टेफानो डोमेनिकाली ने भारत को मोटरस्पोर्ट के लिए बेहद संभावनाशील बाजार बताते हुए कहा है कि आने वाले वर्षों में भारत फॉर्मूला-1 की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है. उन्होंने संकेत दिए कि भारतीय ग्रां प्री की वापसी को लेकर गंभीर स्तर पर विचार चल रहा है, हालांकि इसके लिए दीर्घकालिक और मजबूत योजना जरूरी होगी. फैनकोड से विशेष बातचीत में डोमेनिकाली ने भारत को जुनून, ऊर्जा और युवा दर्शकों वाला देश बताया. उन्होंने कहा कि भारत का बाजार न केवल विशाल है, बल्कि यहां के दर्शक तेजी से युवा और विविध हो रहे हैं, जो फॉर्मूला-1 के भविष्य के लिए बेहद अहम है. उन्होंने कहा, भारत हमारे लिए एक असाधारण बाजार है. यहां खेल के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है और भविष्य में इसकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी. भारत में फॉर्मूला-1 रेस की संभावित वापसी को लेकर पूछे गए सवाल पर डोमेनिकाली ने कहा कि फॉर्मूला-1 की भारत वापसी की इच्छा स्पष्ट है लेकिन इसके लिए सही साझेदार, सही निवेश और सही समय का इंतजार करना होगा. उन्होंने कहा, भारत लौटने में हमारी गहरी रुचि है. हालांकि यह बहुत निकट भविष्य में संभव नहीं दिखता लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता.

## बल्लेबाजों और गेंदबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन से अफगानिस्तान ए को हराकर भारत ए फाइनल में

**दाम्बुला:** बल्लेबाजों और गेंदबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां अफगानिस्तान ए को 101 रन से बड़े अंतर से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बना ली. भारत ने कप्तान तिलक वर्मा (59), प्रियांश आर्य (58) और कुमार कुशाग्र (58) के अर्धशतकों की मदद से नौ विकेट पर 319 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान ए को 36.5 ओवर में सिर्फ 218 रन पर ढेर कर दिया. निशांत सिंधू भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 6.5 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट चटकाए. तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने सात ओवर में 48 रन देकर दो विकेट लिए. अंशुल कंबोज, विपराज निगम, सूर्यांश शेडगे और अनुकूल रॉय ने एक-एक विकेट लिया. अफगानिस्तान के लिए बाहिर शाह (52 गेंद में 57 रन, चार चौके और एक छक्का) और फैसल शिनोजादा (46) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए लेकिन टीम के अधिकतर बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए. इस जीत के साथ भारत ए चार अंक और तीन टीम में सबसे बेहतर नेट रन रेट (0.597) के साथ अंक तालिका में सबसे ऊपर है और उसने फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है. श्रीलंका ए के भी चार अंक हैं और वह 0.494 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि अफगानिस्तान ए दो अंक और माइनस 1.602 के नेट रन रेट के साथ सबसे नीचे है. अफगानिस्तान ए शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच खेलेगा और मेजबान टीम से आगे निकलने के लिए उसे काफी बड़ी जीत की जरूरत होगी. ठाकुर ने भारत ए को पहली सफलता दिलाई. उन्होंने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज हसन ईसाखिल (14) को रुतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच आउट कराया. भारतीय टीम को दूसरे विकेट के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ा. छठे ओवर में कंबोज ने खालिद तनीवाल (13) को आउट किया और 10वें ओवर में कप्तान इमरान मीर का विकेट सिद्धू को मिला. शिनोजादा और बाहिर ने चौथे विकेट के लिए 87 रन जोड़कर अफ़गानिस्तान की पारी को संभाला लेकिन इन दोनों के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद पारी को सिमटने में अधिक देर नहीं लगी. इससे पहले दाम्बुला की सपाट पिच पर वैभव सूर्यवंशी ने 28 गेंद में 38 रन बनाकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई. उन्होंने पहले विकेट के लिये आर्य के साथ आठ ओवर में 75 रन की साझेदारी की . सूर्यवंशी ने कवर्स में कुछ अच्छे शॉट लगाये और दो छक्के भी जड़े लेकिन तेज गेंदबाज फरीदून दाउदजइ के आफ स्टम्प के बाहर पड़े बाउंसर पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे. आर्य ने 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन फरमानुल्लाह को स्क्वायर कट लगाने के प्रयास में प्वाइंट पर शम्स उर रहमान को कैच थमा दिया. इसके साथ ही भारत ए का रन रेट प्रति ओवर आठ से गिरकर छह के करीब हो गया. विकेट धीरे धीरे धीमा होने लगा जिससे तिलक और रूतुराज गायकवाड़ (30) को रन बनाने में दिक्कतें आई. गायकवाड़ ने अब्दुल्लाह अहमदजइ की गेंद पर विकेटकीपर मोहम्मद ईशाक को कैच थमा दिया. तिलक ने 67 गेंद में और कुशाग्र ने 60 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और दोनों ने चौथे विकेट के लिये 104 रन जोड़े.

## अगले महीने ब्रिटेन का दौरा करेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**नयी दिल्ली:** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम पांच से 14 जुलाई तक ब्रिटेन का दौरा करके सात मैच खेलेगी जिनमें दो मैच स्कॉटलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ होंगे. भारतीय टीम इंग्लैंड अंडर 21, अमेरिका अंडर 21 और बेल्जियम अंडर 21 टीमों के खिलाफ खेलेगी. आस्ट्रेलिया के टिम व्हाइट को कोच बनाये जाने के बाद भारतीय जूनियर टीम का यह पहला बड़ा दौरा होगा. भारतीय टीम एडिनबर्ग में स्कॉटलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ पांच और छह जुलाई को खेलेगी. इसके बाद इंग्लैंड में अमेरिका की अंडर 21 टीम के खिलाफ आठ और 11 जुलाई को, इंग्लैंड अंडर 21 टीम के खिलाफ नौ और 12 जुलाई को और बेल्जियम अंडर 21 टीम के खिलाफ 14 जुलाई को खेलेगी. कोच व्हाइट ने कहा, ''इस दौरा अच्छी अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ अनुभव लेने और अलग शैली की हॉकी खेलने का सुनहरा मौका है. इससे युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों में ढलने, आत्मविश्वास बढाने और चुनौतीपूर्ण माहौल में अपने खेल की समझ विकसित करने का मौका मिलेगा.''

## नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरुआत



**बोस्टन:** स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की. 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नॉर्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए. मुकाबले में नॉर्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया. हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी. पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नॉर्वे को फिर से बढ़त दिला दी. दूसरे हाफ में नॉर्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी. 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया. इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नॉर्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4-1 से समाप्त हुआ. इस जीत के साथ नॉर्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप-आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा.

## स्पिनर जम्पा और डेविस चमके, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 मैच में बांग्लादेश को हराया



**चटगांव (बांग्लादेश) :** स्पिनर एडम जम्पा और जोएल डेविस ने तीन तीन विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को तीन मैच की टी20 सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को चार विकेट से शिकस्त दी. लेग-स्पिनर निखिल चौधरी ने भी एक विकेट लिया जो 60 साल में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत में जन्मे पहले पुरुष क्रिकेटर हैं. स्पिनरों के इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 19 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट कर दिया. पिछले वनडे में 149 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से जीत दिलाकर बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचाने वाले कूपर कोनोली ने चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 47 रन बनाए और अपनी टीम को 18.2 ओवर में छह विकेट पर 133 रन के स्कोर तक पहुंचाया. टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले मिचेल मार्श और साथी सलामी बल्लेबाज जोश इंग्लिस के जल्दी आउट होने के बाद कोनोली ने संयम बनाए रखा. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अब्दुल गफ्फार ने कोनोली को कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया. कोनोली ने तीसरे विकेट के लिए टिम डेविड (20) के साथ 40 रन की साझेदारी की थी. गफ्फार ने 32 रन देकर दो विकेट झटके. तीसरे वनडे के दौरान पिंडली की चोट के कारण लिटन दास के बाहर होने के बाद तौहीद हृदय ने बांग्लादेश की कप्तानी की और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. लेकिन बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के अनुशासित स्पिन आक्रमण के सामने टिक नहीं सका. पांचवें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 39 रन था, लेकिन इसके बाद जम्पा और डेविस ने उनकी पारी को लड़खड़ा दिया और घरेलू टीम ने 60 रन के भीतर सात विकेट गंवा दिए. अब दूसरा टी20 मैच शुक्रवार को खेला जाएगा.

## गिल की कप्तानी में भारत ने जीती पहली वनडे सीरीज
## अर्शदीप और बरार की शानदार गेंदबाजी

**लखनऊ:** शुभमन गिल और ईशान किशन की बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने अफगानिस्तान को दूसरे वनडे मैच में 170 रनों से हराया. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 402 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 44.3 ओवर में 232 रन बनाए. भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है. इस तरह गिल की कप्तानी में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती है.



लक्ष्य का पीछा करे हुए अफगानिस्तन की टीम अर्शदीप, गुरनूर बरार और प्रिंस यादव की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के सामने कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी. अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने 89 गेंद में आठ चौकों से सर्वाधिक 79 रन बनाए, जबकि सेदिकुल्लाह अटल (42) और रहमानुल्लाह गुरबाज (41) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं. अफगानिस्तान को पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने एक बार फिर तेज शुरुआत दिलाई. गुरबाज सातवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज प्रिंस यादव की गेंद को हवा में लहराकर अर्शदीप सिंह को कैच बैठे लेकिन यह नोबॉल हो गई.

गुरबाज हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और अगले ओवर में गुरनूर बरार की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बैठे. उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का मारा. अफगानिस्तान के रनों का शतक 20वें ओवर में पूरा हुआ. गुरनूर ने मोहम्मद सलीम (09) को बोल्ड करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि प्रिंस ने रहमत को आउट करके अफगानिस्तान की पारी का अंत किया. डार्विश रसूली (06) रिटायर्ड हर्ट हुए. भारत के लिए अर्शदीप और गुरनूर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि प्रिंस को दो विकेट और वाशिंगटन को एक सफलता मिली.इससे पहले, अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया. भारत की बल्लेबाजी इस मैच में दमदार रही और भारत ने वनडे इतिहास में आठवीं बार 400 रनों का आंकड़ा पार किया है और वह इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की बराबरी पर पहुंच गया. भारत के लिए इस मैच में गिल और ईशान ने दमदार बल्लेबाजी की और दोनों बल्लेबाजों ने शतक लगाए. भारत के लिए इस मैच में रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करने उतरे. अफगानिस्तान ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर भारत को शुरुआती झटका दिया. इसके बाद गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी निभाई. रोहित हालांकि, अर्धशतक लगाने से चूक गए और 48 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद चौथे नंबर पर ईशान किशन को उतारा गया. ईशान और गिल ने मिलकर अफगानिस्तान के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया और दोनों बल्लेबाजों ने हर गेंदबाज के खिलाफ रन बनाए. गिल ने अपने वनडे करियर का नौवां शतक पूरा किया. भारत को ईशान किशन के रूप में तीसरा झटका लगा जो शतक लगाकर पवेलियन लौटे. नांगेयालिया खारोटी की गेंद पर ऊंचा शॉट खेलने के चक्कर में ईशान अपना विकेट गंवा बैठे. ईशान इस मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे थे और 79 गेंदों पर 14 चौकों और सात छक्कों की मदद से 125 रन बनाकर आउट हुए. ईशान और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए 224 रनों की साझेदारी हुई.

## भारत की टी20 विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत



**लीड्सः** भारतीय महिला टीम ने नीदरलैंड को 95 रनों से हराकर महिला टी20 विश्व कप 2026 में अपना विजयी अभियान जारी रखा है. इससे पहले टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था. बुधवार को लीड्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए. जवाब में नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवर में 114 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई. भारत के लिए इस मैच में श्री चरणी ने चार विकेट लिए जबकि शेफाली वर्मा ने तीन विकेट झटके. वहीं, नंदनी शर्मा को दो और दीप्ति शर्मा को एक विकेट मिला. इस मैच में भारत को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई. दोनों खिलाड़ियों ने 70 गेंदों में 115 रन की साझेदारी की. शेफाली 38 गेंदों में 10 चौकों के साथ 55 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद मंधाना ने जेमिमा रॉड्रिगेज के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 गेंदों में 47 रन जुटाए. मंधाना 47 गेंदों में एक छक्के और 11 चौकों के साथ 74 रन बनाकर पवेलियन लौटीं. भारत को 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर दूसरा झटका लगा.

इसके बाद टीम ने 17.1 ओवर तक 168 के स्कोर पर अपना चार विकेट गंवा दिया. यहां से ऋचा घोष ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ पांचवें विकेट के लिए 15 गेंदों में 31 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया.ऋचा आठ गेंदों में 20 रन बनाकर नाबाद रहीं.

## न्यूज कॉर्नर

### आसाराम की अचानक बिगड़ी तबीयत

**जोधपुरः** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन शोषण मामले में जोधपुर की सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की तबीयत एक बार फिर अचानक बिगड़ गई है. स्वास्थ्य में गिरावट आने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एम्स जोधपुर में भर्ती कराया है. जहां डॉक्टरों की एक अलग टीम उनकी जांच कर रही है.जानकारी के अनुसार आसाराम का पिछले कुछ दिनों से आरोग्यम अस्पताल में इलाज चल रहा था. वहां उनकी सेहत में सुधार न होने और कुछ जांचों की आवश्यकता को देखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने उन्हें एम्स जोधपुर में शिफ्ट करने के आदेश दिए थे. हाईकोर्ट के इन्हीं आदेशों की पालना में जेल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें एम्स पहुंचाया है. आसाराम के समर्थकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कड़ी व्यवस्था की. सेंट्रल जेल और आरोग्यम अस्पताल से लेकर एम्स परिसर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए. पुलिस की गाड़ियों और हथियारबंद जवानों के कड़े घेरे में आसाराम को अस्पताल के भीतर ले जाया गया. एम्स जोधपुर पहुंचने के बाद वरिष्ठ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने तुरंत आसाराम के स्वास्थ्य की कमान संभाल ली है.डॉक्टरों द्वारा उनके दिल, रक्तचाप और उम्र से संबंधित अन्य बीमारियों की जांच की जा रही है. फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की चौबीसों घंटे निगरानी में रखा गया है और जरूरी मेडिकल टेस्ट किए जा रहे

### चलती बाइक में चुन्नी फंसने से महिला की मौत

**चित्तौड़गढ़ः** उदयपुर-सिक्सलेन पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की चुन्नी पहिए में फंसने से नीचे गिर कर मौत हो गई. मृतका के सिर में गंभीर चोट लगी थी. हादसे के बाद बाइक चालक भी जिला चिकित्सालय पहुंचा. पुलिस ने शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है.भदेसर थानाधिकारी विनोद मेनारिया ने बताया कि हाइवे पर होडा चौराहे के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी. इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जिसकी पहचान प्रियंका पुत्री रामेश्वर लाल सेन निवासी पालेर के रूप में हुई है. प्रियंका अपने परिचित कालूलाल निवासी अम्बाबेरी के साथ बाइक पर सांवलियाजी की ओर जा रही थी. तभी होडा चौराहा से पहले सुखवाड़ा गांव के पास अचानक उसकी साड़ी का एक सिरा और चुन्नी बाइक के पिछले पहिए में फंस गई. संतुलन बिगड़ने से प्रियंका सड़क पर गिर पड़ी. हादसे में प्रियंका के सिर में गंभीर चोट आई और घुटने भी छिल गए. जिला चिकित्सालय में जांच की तो कंधे पर टंगे पर्स का निशान भी गले पर आ गया, जिससे आशंका है कि पर्स की पट्टी भी गर्दन में खिंच गई. इधर, राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी. घायल अवस्था में प्रियंका को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर भदेसर थाने से एएसआई तंवर सिंह जिला चिकित्सालय पहुंचे. मृतका के भाई प्रकाश पुत्र रामेश्वर लाल सेन निवासी पालेर ने पुलिस को रिपोर्ट दी. शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई करवाई गई. पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि मृतका प्रियंका शादीशुदा थी, लेकिन तलाक के बाद अपने पीहर पालेर में ही रह रही थी. हादसे के बाद बाइक चालक कालूलाल भी जिला चिकित्सालय एंबुलेंस में पहुंचा. पुलिस कार्रवाई तक जिला चिकित्सालय में मौजूद रहा. इधर, सुखवाड़ा के पास होटल संचालक अकरम अली ने बताया कि होटल के निकट ही यह हादसा हुआ तो भीड़ देख कर स्टाफ भी मौके पर पहुंचा था. यहां महिला के सिर में चोट आई थी. राहगीर बता रहे थे कि महिला के पहने हुए कपड़े बाइक के पहिए में फंस गए, जिससे वह चलती बाइक से नीचे गिर गई थी.

### पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोपित मुस्ताक पांच दिन की रिमांड पर

**जयपुरः** सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान की ओर से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मुस्ताक अली (26) को बुधवार सुबह जयपुर की अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया. जहां विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम की अवकाशकालीन अदालत ने आरोपित मुस्ताक अली को पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया. सीआईडी इंटेलिजेंस ने सात दिन की रिमांड की मांग की थी. अब आरोपित मुस्ताक अली को 22 जून को पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा. पेशी से पूर्व आरोपित का जयपुरिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया. इसके बाद सीआईडी इंटेलिजेंस की टीम उसे कोर्ट लेकर पहुंची.अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इंटेलिजेंस) प्रफुल्ल कुमार के अनुसार जांच में सामने आया है कि मुस्ताक पिछले दो वर्षों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के हैंडलर्स के संपर्क में था. उसे जैसलमेर जिले के नाचना क्षेत्र में सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गतिविधियों पर नजर रखने का जिम्मा सौंपा गया था. इसी उद्देश्य से पाकिस्तानी हैंडलर्स ने उसे मुख्य सड़क पर चाय की दुकान खुलवाने की सलाह दी थी. सीआईडी इंटेलिजेंस ने को जैसलमेर जिले के नाचना थाना क्षेत्र के खारिया गांव से उसे हिरासत में लिया था.सीआईडी इंटेलिजेंस के विशेष लोक अभियोजक सुदेश सत्वान ने बताया कि आरोपित के मोबाइल फोन से दो संदिग्ध नंबर मिले हैं, जो 'खालिद' और 'नजीर अहमद' के नाम से सेव थे. दोनों पाकिस्तान में रहकर एजेंट कोऑर्डिनेटर और ट्रेनर के रूप में कार्य करते हैं. नजीर अहमद आरोपित का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है.

### इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, फ्लैट से स्मैक व नकदी बरामद

**चित्तौड़गढ़ः** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चित्तौड़गढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. थाना सदर चित्तौड़गढ़ एवं जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के इनामी व हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपित के फ्लैट से 36.46 ग्राम अवैध स्मैक, नकद 66 हजार 800 रुपये मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं.पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह ने बताया कि सदर थानाधिकारी प्रेमसिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की. टीम ने सदर थाना क्षेत्र में सरहद ओछड़ी में प्रधानमंत्री आवासीय योजना के फ्लैट नंबर एलआईजी 5/एफएफ-7 पर दबिश दी. फ्लैट में आरोपित सुरेश कुमार उर्फ भोना सिंधी पिता मंगाराम सिंधी निवासी किला रोड चित्तौड़गढ़ मिला. वह वर्तमान में भगवान सिंह के नाम से उक्त फ्लैट में किराएदार बन कर रह रहा था. तलाशी के दौरान फ्लैट के अंदर से 36.46 ग्राम अवैध स्मैक, मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व परिवहन में काम आने वाले उपकरण के अलावा 66 हजार 800 रुपये नकद बरामद हुए. पुलिस ने सभी सामान जब्त कर आरोपित भोना सिंधी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया.पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सुरेश उर्फ भोना सिंधी थाना भूपालसागर से 10 हजार रुपये का इनामी बदमाश है. वह थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ का हिस्ट्रीशीटर भी है.

### विद्युत लाइन का तार टूट कर झोंपड़े पर गिरा, सास-बहू की मौत, आग लगने से घरेलू सामान जला

**चित्तौड़गढ़ः** जिले के निम्बाहेड़ा सदर थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरा में मंगलवार देर रात बिजली विभाग की लापरवाही ने एक ही परिवार की दो जिंदगियां लील लीं. खेत पर बने झोपड़ीनुमा घर में सो रहे परिवार पर उस वक्त कहर टूट पड़ा जब 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर एलटी लाइन पर जा गिरा. हाई वोल्टेज से एलटी तार भी टूट गया और उसमें दौड़े करंट की चपेट में आने से सास-बहू की मौत हो गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली. पुलिस ने दोनों के शव को निंबाहेड़ा चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है.निम्बाहेड़ा सदर थाने के एएसआई संतोष तिवारी ने बताया कि थाने पर धनोरा निवासी भोपराज प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. भोपराज ने बताया कि रात करीब 2.30 बजे उसकी पत्नी मंजू प्रजापत, माता संतु बाई और बच्चे खेत पर बने झोपड़े में सो रहे थे. झोपड़ी के पास से गुजर रही 11 केवी लाइन का तार अचानक टूट कर नीचे एलटी लाइन पर गिर गया. हाई वोल्टेज के दबाव से एलटी लाइन का तार भी टूट कर नीचे आ गिरा. इसी दौरान टूटे हुए एलटी तार और उसमें प्रवाहित हाई वोल्टेज करंट की चपेट में पहले मंजू प्रजापत आ गईं. बहू को तड़पता देख बचाने के लिए दौड़ी सास संतु बाई भी करंट की चपेट में आ गईं. दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं. चीख-पुकार सुन कर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे. परिजन और ग्रामीण तत्काल दोनों को उपचार के लिए निम्बाहेड़ा जिला अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया. हादसे के दौरान झोपड़ीनुमा घर में आग भी लग गई, जिसे ग्रामीणों ने बुझाया.

# भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है : डॉ. मोहन भागवत

**उदयपुरः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है. हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप या उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रतिरोध का प्रतीक था. उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों और स्वयं मुगल इतिहासकारों के विवरणों से स्पष्ट होता है कि हल्दीघाटी में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी.

भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्र चेतना संकल्प सभा' को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज देशभर में महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई जाती है. यह इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र अपने उन महापुरुषों को स्मरण करता है जिन्होंने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया.

उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध में सेना, संसाधन और शस्त्रों के स्तर पर मुगल साम्राज्य का पलड़ा भारी था. महाराणा प्रताप के पास सीमित साधन थे, धन कम था और सैन्य शक्ति भी अपेक्षाकृत कम थी, फिर भी उन्होंने संघर्ष का मार्ग नहीं छोड़ा. उन्होंने कहा कि भारत का समाज कभी भी पराधीनता को सहज रूप से स्वीकार करने वाला नहीं रहा. जब भी किसी आक्रांता ने इस भूमि पर अधिकार करने का प्रयास किया, उसी क्षण से उसके प्रतिरोध की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई.सरसंघचालक ने कहा कि इतिहास के अनेक प्रसंगों को समय-समय पर एक विशेष नैरेटिव के तहत प्रस्तुत किया गया. हल्दीघाटी के युद्ध के संदर्भ में भी ऐसी ही स्थिति देखने



को मिलती है. उन्होंने कहा कि मुगल इतिहासकारों के विवरणों में स्वयं उल्लेख मिलता है कि युद्ध के दौरान मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा था. यदि युद्ध के विभिन्न चरणों में मुगल सेना को लगातार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और युद्ध के बाद भी वह भय और असुरक्षा की स्थिति में रही, तो यह विचार करना आवश्यक है कि वास्तविक विजय किसकी थी.

भागवत ने युद्ध के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले आक्रमण में मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा. दूसरे चरण में प्रताप की सेना के पराक्रम का ऐसा प्रभाव दिखाई दिया कि शत्रु पक्ष के प्रमुख योद्धाओं को भारी क्षति उठानी पड़ी.

उन्होंने चेतक के अद्वितीय साहस और युद्ध कौशल का भी उल्लेख किया. तीसरे चरण के युद्ध के बाद मुगल सेना की स्थिति ऐसी थी कि वह खुले रूप से आगे बढ़ने का साहस नहीं कर सकी और स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयासों में लगी रही.

उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास उन लोगों का इतिहास नहीं है जो पराजित होकर बैठ गए, बल्कि उन लोगों का इतिहास है जिन्होंने निरंतर संघर्ष किया. उन्होंने कहा कि पश्चिम से उठी वह आक्रामक लहर, जिसने स्पेन से लेकर साइबेरिया तक अपना प्रभाव स्थापित किया था, भारत में भी प्रवेश करना चाहती थी, किंतु बप्पा रावल, ललितादित्य और अन्य वीरों के कारण उसे यहां अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी.भागवत ने कहा कि भारतीय समाज ने अनेक कठिनाइयों और संघर्षों का सामना किया, किंतु अपनी संस्कृति और धर्म को सुरक्षित रखा. उन्होंने कहा कि समाज में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्र और संस्कृति पर संकट आता है तो भारत का समाज एकजुट होकर खड़ा हो जाता है. हालांकि केवल संकट के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी समाज को संगठित और एकताबद्ध रहने की आवश्यकता है. महाराणा प्रताप का जीवन भी इसी संदेश का प्रतीक है.

उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार विजेताओं या सत्ता के निकट रहने वाले लोगों द्वारा इतिहास को अपने दृष्टिकोण से लिखा गया. उन्होंने बाबू कुंवर सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में उन्होंने अपना राज्य पुनः प्राप्त किया और लंबे समय तक स्वतंत्र शासन भी किया, किंतु इतिहास के कुछ विवरणों में घटनाओं को अलग रूप में प्रस्तुत किया गया. इसी प्रकार हल्दीघाटी के युद्ध के संबंध में भी तथ्यों की पुनर्समीक्षा की आवश्यकता है.सरसंघचालक ने कहा कि महाराणा प्रताप को 'हिंदुआ सूरज' कहा जाता है. उन्होंने कभी अपने धर्म, स्वाभिमान और मूल्यों से समझौता नहीं किया.

## हरियाणा सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को दिए विकल्प

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) और यूपीएस के बीच एकऔर बदलाव किया है. सरकार ने एनपीएस के टियर-1 यानी मुख्य पेंशन खाते में दो नए निवेश विकल्प जोड़ दिए हैं. इससे कर्मचारी अपनी उम्र और जोखिम लेने की क्षमता के हिसाब से तय कर सकेंगे कि उनकी पेंशन के लिए जमा हो रही राशि का कितना हिस्सा बाजार आधारित निवेश में लगाया जाए.

हरियाणा के कर्मचारी संगठनों की लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें ओपीएस के दायरे में वापस लाया जाए, जिसमें रिटायरमेंट के बाद तय पेंशन की व्यवस्था रहती है. दूसरी तरफ एनपीएस निवेश आधारित व्यवस्था है. इसमें कर्मचारी और सरकार दोनों योगदान करते हैं. रिटायरमेंट लाभ निवेश के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है. केंद्र सरकार यूपीएस लेकर आई. इसके बाद राज्य सरकार ने कर्मचारियों को एनपीएस में बने रहने या यूपीएस चुनने का विकल्प उपलब्ध कराया. अब जो नया फैसला आया है, वह उन कर्मचारियों के लिए अहम माना जा रहा है जो एनपीएस में बने रहने का विकल्प चुनते हैं.

सरकार ने बदलाव एनपीएस के टियर-1 खाते में किया है. यही मुख्य पेंशन खाता होता है, जिसमें हर महीने कर्मचारी और सरकार का नियमित योगदान जमा होता है. रिटायरमेंट के समय पेंशन और फंड इसी खाते से जुड़ते हैं. नई व्यवस्था में सरकार ने दो अतिरिक्त ऑटो-चॉइस निवेश मॉडल जोड़े हैं. यानी अब निवेश का तरीका पहले से ज्यादा लचीला होगा.

पहला नया विकल्प लाइफ साइकिल 75-हाई है. इसमें कर्मचारी के योगदान का 75 प्रतिशत तक हिस्सा इक्विटी में लगाया जा सकेगा. यह व्यवस्था 35 साल की उम्र तक लागू रहेगी. इसके बाद इक्विटी निवेश धीरे-धीरे कम होता जाएगा और 55 साल की उम्र तक घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगा. सरल शब्दों में समझें तो नौकरी की शुरुआत में सिस्टम ज्यादा वृद्धि की संभावना वाले निवेश को मौका देगा, लेकिन रिटायरमेंट करीब आने पर जोखिम अपने आप कम होता जाएगा.

दूसरा विकल्प लाइफ साइकिल एग्रेसिव है. इसमें 45 वर्ष की उम्र तक निवेश का 50 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी में रखा जा सकेगा. इसके बाद यह अनुपात धीरे-धीरे कम होकर 55 वर्ष की उम्र तक 35 प्रतिशत रह जाएगा. यह विकल्प उन कर्मचारियों को ध्यान में रखकर माना जा रहा है जो पूरी तरह आक्रामक निवेश नहीं चाहते, लेकिन सामान्य निवेश मॉडल से बेहतर रिटर्न की संभावना बनाए रखना चाहते हैं. सरकार ने स्पष्ट किया है कि नया मॉडल अपने आप लागू नहीं होगा. जो कर्मचारी डिफॉल्ट निवेश व्यवस्था से अलग विकल्प लेना चाहेंगे, उन्हें खुद निवेश मॉडल चुनना होगा और पंजीकृत पेंशन फंड का चयन भी करना होगा.

## भाखड़ा डैम में खतरे की ओर बढ़ता जलस्तर: दुष्यंत चौटाला

**गुरुग्रामः** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्य में मानसून से पहले ही मंडरा रहे बाढ़ के भारी खतरे को लेकर हरियाणा सरकार की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने सरकार को चेताया और कहा कि अभी भीषण गर्मी के कारण ग्लेशियर पिघलने से भाखड़ा डैम का जलस्तर अभी से



खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है, लेकिन राज्य सरकार गहरी नींद में सोई हुई है.

दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि पिछले वर्षों में आई भयानक बाढ़ से सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है और अगर तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए, तो इस बार भी किसानों की फसल और सेंकड़ों गांव डूबने की कगार पर होंगे, जिसके लिए पूरी तरह से हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी. पूर्व डिप्टी सीएम ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए स्थिति की गंभीरता से अवगत कराते हुए बताया कि इन दिनों में भाखड़ा डैम का औसत जलस्तर 1543 फुट होता है, लेकिन वर्तमान में यह 1578 फुट पर पहुंच चुका है. डैम का जलस्तर अपने औसत से 35 फुट ऊपर है. पिछले वर्षों मे आई बाढ़ के मुकाबले 20 फुट ज्यादा है.गोबिंद सागर झील, जिसका जलग्रहण क्षेत्र 57,000 वर्ग किलोमीटर है, उसमें भीषण गर्मी के कारण ग्लेशियरों के पिघलने से लगभग तीन लाख करोड़ लीटर अतिरिक्त पानी जमा हो चुका है.

दुष्यंत चौटाला ने इस स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश-प्रदेश में अभी तक तो मानसून की पहली बारिश भी ठीक से नहीं हुई है और हमारे डैम अपनी क्षमता से ज्यादा भर चुके हैं. जब मानसून पूरे जोरों पर होगा, तब यह पानी कहां जाएगा. सरकार के पास अतिरिक्त पानी को सहेजने का कोई विजन नहीं है. सरकार तभी जागती है जब लोगों के घर डूब जाते हैं और किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं. पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राज्य की जल-राजनीति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हरियाणा और पंजाब की सरकारें केवल कागजों पर एसवाईएल और पानी के अधिकारों पर राजनीति करती हैं. लेकिन जब प्रकृति हमें ग्लेशियरों के पिघलने से इतना साफ पानी दे रही है, तो उसे स्टोर करने के बजाय उसे बर्बादी का कारण बनने के लिए छोड़ दिया जाता है.

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगार

**जोधपुरः** भारत सरकार द्वारा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोडने .तथा सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू की गई है. पूर्व में यह योजना रोजगार लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) योजना के नाम से जानी जाती थी. योजना में विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है.योजना के तहत पहली बार नौकरी प्राप्त करने वाले पात्र कर्मचारियों को एक माह के वेतन के बराबर, अधिकतम 15 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में प्रदान की जाएगी.

विनिर्माण क्षेत्र के लिए यह लाभ तीसरे और चौथे वर्ष तक बढ़ाया गया है. करीब 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य आगामी दो वर्षों में देशभर में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसर सृजित करना है. इनमें लगभग 1.92 करोड़ युवा पहली बार औपचारिक कार्यबल का हिस्सा बनेंगे. योजना के लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगारों पर लागू होंगे.योजना के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पंजीकृत तथा एक लाख रुपए प्रतिमाह तक वेतन पाने वाले नए कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा.

## हरियाणा में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मिलेगी नई उड़ान : नायब सैनी

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को भिवानी स्थित चौ. बंसी लाल सिविल एरोड्रम पर लगभग 31 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक हैंगर, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन, सुरक्षा चौकी तथा कैंटीन का उद्घाटन किया. इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरों, खिलाड़ियों और संतों की धरती और 'छोटी काशी' के नाम से प्रसिद्ध भिवानी आज विकास के एक नए अध्याय की साक्षी बनी है. उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल भवनों का उद्घाटन नहीं, बल्कि हरियाणा में आधुनिक विमानन अवसंरचना के विस्तार और क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है. 'उड़ान' योजना ने छोटे शहरों को हवाई सेवाओं से जोडक़र आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाया है. हरियाणा सरकार भी इसी सोच के अनुरूप प्रदेश में हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है.मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हरियाणा को उत्तर भारत के प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में विकसित करना है. इसी कड़ी में हिसार एयरपोर्ट का तेजी से विकास किया जा रहा है और वहां से दिल्ली, अयोध्या, चंडीगढ़ व जयपुर के लिए उड़ान सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं. जल्द ही हिसार से जम्मू और अहमदाबाद के लिए भी उड़ानें आरंभ की जाएंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.



मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवानी में चौ.बंसी लाल सिविल एरोड्रम पर विकसित की गई नई सुविधाएं विमानों के सुरक्षित संचालन, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा विमानन सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. इससे युवाओं के लिए एविएशन सेक्टर में रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे. उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक आधारभूत ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान दे रही है. मजबूत हवाई संपर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास का आधार होता है और भिवानी हवाई अड्डे का सुदृढ़ीकरण पश्चिमी हरियाणा के विकास को नई गति प्रदान करेगा.

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार नागरिक उड्डयन, सडक़, रेल और डिजिटल कनेक्टिविटी को एकीकृत रूप से विकसित कर रही है ताकि हरियाणा देश के सबसे तेज गति से विकसित होने वाले राज्यों में अपनी अग्रणी भूमिका बनाए रखे.मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पायलटों और डॉक्टरों की कमी है जिन्हें पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है. सरकार द्वारा हरियाणा के 17 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव से पहले हमने 217 संकल्प लिए थे जिनमें से 63 संकल्प डेढ़ साल के कार्यकाल में पूरे किए जा चुके हैं. भिवानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 200 घंटों की उड़ान पूरी करने वाले ट्रेनी पायलटों को बैज लगाकर सम्मानित किया और ट्रेनिंग पूरी करने पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं.

## अश्लील फोटो वायरल की धमकी से आहत युवती ने जोहड़ में कूदकर दी जान

**पलवलः** जिले के मुंडकटी थाना क्षेत्र के एक गांव में अश्लील फोटो वायरल करने की कथित धमकी से परेशान होकर 20 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस को दी शिकायत में मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि गांव निवासी यश उसकी 20 वर्षीय बहन को अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था. आरोप है कि आरोपी द्वारा युवती पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह काफी परेशान रहने लगी थी. शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसे इस बारे में जानकारी मिली तो वह 14 जून को आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा. वहां आरोपी ने कथित रूप से उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी. परिजनों के मुताबिक घटना के बाद युवती काफी तनाव में थी.

15 जून को वह घर से बिना बताए निकल गई. बाद में गांव के कुछ लोगों ने उसे गांव के जोहड़ की ओर जाते हुए देखा. काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस और गांव के सरपंच को सूचना दी.सूचना मिलते ही मुंडकटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जोहड़ में तलाशी अभियान शुरू किया . पुलिस ने एनडीआरएफ के गोताखोरों की सहायता से जोहड़ में सर्च ऑपरेशन चलाया.

मंगलवार को युवती का शव जोहड़ से बरामद कर लिया गया. मुंडकटी थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है. मृतका के भाई की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहनता से जांच कर रही है.

## सुडोकू-80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | | 2 | 1 | 8 | |
| | 3 | 4 | | | | | 5 | 2 |
| | | | | 5 | 3 | 7 | 9 | |
| | 4 | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | 8 | | 4 | 6 | |
| | 6 | 2 | 1 | 4 | | | | |
| 4 | 8 | | | | | 2 | 1 | |
| | 5 | 7 | 3 | | 6 | 9 | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -79 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 2 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 01

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| ■ | | ■ | 15 | | | ■ | | ■ |
| 16 | | 17 | | ■ | 18 | 19 | | |
| | ■ | 20 | | | ■ | | ■ | ■ |
| 21 | | ■ | | ■ | 22 | | ■ | 23 |
| | ■ | 24 | | ■ | 25 | | | |

● **बाएं से दाएं**
1. श्रेष्ठ पुरुष, साधु, ऋण देने वाला, 4. कण, तत्व का छोटे से छोटा भाग, 6. भरी, बोझिल, 7. विविध, मातामह, 8. डरपोक, भीरु, 10. अपराध करने वाला, दोषी, जुर्मी, 13. धीरे- धीरे अस्फुट स्वर में बोलना, 15. धवल, शुभ्र, 16. हाथी, 18. गर्मी की स्थिति, ताप का लेखा, 20. सिंह या मेघ का स्वर, 21. वृक्ष के मध्य का मोटा भाग, 22. भेद, रहस्य, शासन, 24. प्रदान करना, पकड़ाना, 25. झुनझुनी, घबराहट

● **उपर से नीचे**
1. मत्त, प्रसन्न, परम आनंदित, 2. जल का प्रवाह, पानी की धारा, 3. सरिता, दरिया, 4. नियम रहित, अनिश्चितता, 5. खाका, प्रारूप, बुनावट के धागे, 9. निचोड़, 11. चंद्रमा, 12. धीरता दिखाना, उतावला न होना, निर्विकार भाव होना, 14. वाक्य, मुसलमानों का मूल मंत्र, 16. हिसाबी, गणित का ज्ञाता, 17. प्रेम, संगीत में स्वरों का निश्चित क्रम, 19. वरुण देवता, 22. लगाम, कोलाहल, 23. अमीर, सम्पन्न.

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | ह | ला | ना | ■ | सु | ना | र |
| मा | न | व | ■ | न | ज | रा | ना | ■ |
| ■ | क | स | ना | ■ | ड़ | ■ | वि | द |
| ना | ना | ■ | ■ | वि | ■ | अ | ध | म |
| ग | ■ | अ | व | रो | ध | क | ■ | दा |
| रि | वा | ज | ■ | ध | | | क | र |
| क | म | ■ | दा | ■ | स | ब | ल | ■ |
| ■ | पं | च | व | टी | ■ | च | क | मा |
| क | धी | र | ■ | स | म | त | ल | ■ |

# स्वच्छता से स्वागत अभियान : दिगम्बर जैन समाज ने दिया स्वच्छता का संदेश





**युवा शक्ति न्यूज**

**कोलकाता :** श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, 5 एस. पी. मुखर्जी रोड, कोलकाता में बुधवार प्रातः आयोजित स्वच्छता से स्वागत अभियान के माध्यम से स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दिया गया. यह अभियान श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन ट्रस्ट, कोलकाता एवं दिगम्बर जैन समाज, बृहत्तर कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की तथा लोगों को अपने परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का आह्वान किया. उपस्थित सदस्यों ने स्वच्छता ही सेवा है के संकल्प को दोहराते हुए नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की. अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामूहिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण का निर्माण करना है. इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यजनों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर भारत के निर्माण का संकल्प लिया.

# सीएजी स्कूल की ओर से स्वच्छता से स्वागत अभियान

**स्कूल कमेटी के सदस्यों व छात्रों ने लिया हिस्सा**





**युवा शक्ति न्यूज**

**कोलकाता:** स्वच्छता से स्वागत एक सफाई और सफ़ाई की पहल है, जो एक साफ़ और स्वस्थ भारत के राष्ट्रीय विज़न से प्रेरित है. यह कैंपेन सार्वजनिक जगहों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, काम की जगहों और घरोंमें सफ़ाई बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर देता है. यह नागरिकों को एक साफ़-सुथरा माहौल बनाने और कचरा प्रबंधन के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है. उल्लेखनीय है कि अंतराराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम मोदी महानगर आ रहे हैं और विभिन्न संस्थाएं महानगर को स्वच्छ बनाकर उनका स्वागत करना चाहती हैं. इसके तहत घरों व परिसरों की सफाई की जा रही है. यह नेक पहल सीएजी स्कूल के छात्रों ने भी की. स्कूल कमेटी के सदस्यों-चंद्रेश मेघानी (जॉइंट सेक्रेटरी), परिमल अजमेरा (जॉइंट सेक्रेटरी), परेश दफ्तरी (सेंट्रल कमेटी के सदस्य), श्रीमती जिमी सैनी (प्रिंसिपल द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल), एचओडी जयदीप मुखर्जी, श्रीमती भास्वती चौधरी, श्रीमती अनीता रॉय, श्रीमती प्रीति पॉल, श्रीमती रोहिणी गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में की. रोहिणी गुप्ता ने कॉनफेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसियेशंस के साथ मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित किया. सुशील पोद्दार (प्रेसिडेंट, सीडब्ल्यूबीटीए) और संतोष पाठक (काउंसिलर वार्ड नंबर 45) को भी आमंत्रित किया गया था. अतिथि के रूप में रोहित पाठक और हेमल दफ्तरी भी वहां मौजूद थे. छात्रों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ सफाई में हिस्सा लिया. लोगों में साफ-सफाई और हाइजीन को बढ़ावा देने, कचरे को सही तरीके से डिस्पोज करने और अलग-अलग विभाजित करने के बारे में जागरूकता पैदा की गयी. सफाई कार्य में समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने और वातावरण के प्रदूषण को को कम करके पब्लिक हेल्थ को बेहतर बनाने का भी संदेश दिया गया.

# श्री जैन विद्यालय हावड़ा के छात्रों ने स्वच्छता से स्वागत कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**युवा शक्ति न्यूज**

**कोलकाता :** पश्चिम- बंगाल सरकार 16 जून से 20 जून तक पूरे कोलकाता में 5 दिवसीय स्वच्छता से स्वागत (स्वच्छता के माध्यम से स्वागत) अभियान चला रही है. श्री जैन विद्यालय हावड़ा द्वारा इस कार्यक्रम का पालन किया गया. विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन के बाहर सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी जी के अभियान की सफलता में सहयोग किया. इस कार्यक्रम में विद्यालय के 11वीं एवं 12वीं के कुल 35 छात्रों ने हिस्सा लिया था. मेट्रो स्टेशन के इर्द-गिर्द के फुटपाथ एवं सड़क की साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया. इस अवसर पर बच्चों के साथ रहे विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, दीवेदु भट्टाचार्य, अनामिका तिवारी, दीपशिखा तिवारी, स्वागता सरकार, विद्यालय के स्पोर्टस एवं पिटी के शिक्षक विनोद सिंह एवं अनिल तिवारी आदि. मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के लिए शहर को सुंदर बनाना है. विद्यालय की प्रिन्सिपल इंदु जोसफ चौधुरी एवं सचिव श्री ललित कांकरिया ने छात्रों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सरकार के इस अभियान की प्रशंसा की.

# कोलकाता पुलिस के डॉग स्क्वाड में शामिल किए जाएंगे छह विशेष प्रशिक्षित कुत्ते

**कोलकाता:** कोलकाता पुलिस अपने डॉग स्क्वाड को और अधिक आधुनिक तथा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही दो ट्रैकर डॉग और चार विस्फोटक पहचानने वाले कुत्तों को डॉग स्क्वाड में शामिल किया जाएगा. वर्तमान में ये सभी कुत्ते मध्य प्रदेश के टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कुत्तों को लगभग 46 डिग्री सेल्सियस तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी तैयार किया जा रहा है, ताकि उनकी सहनशक्ति और कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके. प्रशिक्षण जुलाई तक पूरा होने की संभावना है, जिसके बाद उन्हें कोलकाता लाया जाएगा. पुलिस के अनुसार, वर्तमान में कोलकाता पुलिस के डॉग स्क्वाड में केवल दो ट्रैकर डॉग हैं, जो शहर की जरूरतों के मुकाबले पर्याप्त नहीं माने जा रहे. इसी कमी को दूर करने के लिए दो पिल्लों को ट्रैकर डॉग के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जबकि चार अन्य को विस्फोटक पहचानने वाले कुत्तों के रूप में तैयार किया जा रहा है. प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छह पिल्लों में चार लैब्राडोर और दो कॉकर स्पैनियल नस्ल के कुत्ते शामिल हैं. इन्हें अपराध जांच, सुरक्षा व्यवस्था और विस्फोटक पदार्थों की पहचान जैसे विभिन्न कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है. कोलकाता पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान डॉग स्क्वाड में अधिकांश कुत्ते विस्फोटक पदार्थों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित हैं. इनका उपयोग मुख्य रूप से विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही से पहले क्षेत्रों की सुरक्षा जांच के लिए किया जाता है. वहीं, ट्रैकर डॉग अपराध जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ये अपराध स्थल पर मौजूद गंध के आधार पर संदिग्धों के भागने के रास्ते का पता लगाने और उनकी तलाश में पुलिस की मदद करते हैं.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफेक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन